राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 172, पेज 8, मूल्य 1 रूपये शनिवार, 7 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ से किया नामांकन

Page 3



## कांग्रेस के डीएनए में झूठ भरा है, अब जनता कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ कर देगी : ज्ञानचंद गुप्ता

**पूर्व सीएम हुड्डा को ज्ञानचंद गुप्ता ने किया चैलेंज- बोले - कांग्रेस ने पंचकूला में 10 काम भी किए हों तो हिसाब दें**

**भाजपा सरकार ने पंचकूला में 5000 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराएं : गुप्ता**

**पिछले 10 साल में पंचकूला एजुकेशन हब बना, खिलाड़ियों को भी मिल रही है बेस्ट सुविधाएं : गुप्ता**

**हुड्डा ने कुमारी सैलजा की वजह से पंचकूला को विकास से दूर रखा : गुप्ता**

**पंचकूला और और कालका में बड़े मार्जिन के साथ खिलेगा कमल का फूल : ज्ञानचंद गुप्ता**

समाचार गेट ब्यूरो

**पंचकूला।** पंचकूला विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने पर अपनी पहली प्रेसवार्ता में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने पत्रकारों के एक-एक सवालों का जवाब दिया और टिकट देने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। ज्ञानचंद गुप्ता ने दावा किया कि पंचकूला और कालका में बड़े मार्जिन से कमल का फूल खिलेगा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। यहां श्री गुप्ता ने कांग्रेस को भी घेरा और कहा कि कांग्रेस ने पंचकूला के साथ सदा ही सौतेला व्यवहार किया।

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चैलेंज देते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने पंचकूला में 10 काम भी किए हों तो वह हिसाब दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में झूठ भरा हुआ, इसलिए विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ कर देगी। इस मौके पर श्री गुप्ता के साथ सांसद कार्तिकेय शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा और कालका से भाजपा प्रत्याशी शक्तिरानी शर्मा, प्रदेश मीडिया सह- प्रमुख नवीन गर्ग, विधानसभा संयोजक हरेंद्र मलिक भी मौजूद रहे। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि टिकटों के ऐलान के बाद से ही भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। भाजपा के कार्यकर्ता लगातार जनसेवा के कार्य में लगे हुए हैं और सरकार की योजनाओं को घर-घर तक ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से हम तीसरी बार सरकार बनाने जा रहे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने पंचकूला जिला में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। जितना विकास भाजपा की सरकार में हुआ है उतना कभी नहीं हुआ। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना



साधते हुए ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि हम अपना हिसाब जनता के सामने रख रहे हैं, अगर हुड्डा साहब में हिम्मत है तो वे भी जनता के सामने कांग्रेस द्वारा पंचकूला में कराए गए 10 कामों का हिसाब दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में झूठ और छल भरा हुआ है। झूठे वादों के सहारे कांग्रेस पहले सरकार बनाती रही, लेकिन अब हरियाणा की जनता जागरूक हो गई है और कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ कर देगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने सदा ही पंचकूला के साथ उपेक्षित रवैया अपनाया है। कांग्रेस की आपसी कलह की वजह से पंचकूला का विकास नहीं हो पाया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा को घेरते हुए उन्होंने कहा कि हुड्डा ने कुमारी सैलजा की वजह से पंचकूला को विकास से दूर रखा और लोगों से झूठ बोलकर वोट बटोरते रहे। कांग्रेस की कपट की नीति का ही परिणाम है कि आज तक कांग्रेस का हरियाणा में संगठन तक नहीं बन पाया है। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि पिछले 10 साल में पंचकूला एजुकेशन हब बना है। पंचकूला में खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं मिल रही हैं। हर क्षेत्र में पंचकूला विकास की बुलंदियों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों को लेकर घर-घर तक पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कम समय में ही अनेकों घोषणाएं जनहित में की है जिसका लाभ हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। हरियाणा की जनता सीएम सैनी को चाहती है, इसलिए तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने 10 वर्षों में बिना भेदभाव और क्षेत्रवाद के समान रूप से विकास कार्य किए हैं। जबकि कांग्रेस के समय में क्षेत्रवाद और परिवारवाद हावी रहता है। भाजपा ने युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी, जबकि कांग्रेस के समय पर्ची और खर्ची का सिस्टम चलता था। भाजपा ने जमीनी स्तर पर काम किए है, इसलिए हरियाणा के लोग भाजपा को पसंद करते हैं और नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए आतुर है।

**कालका विधानसभा में विकास कराना मेरा लक्ष्य : शक्ति रानी शर्मा**

कालका विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी शक्तिरानी शर्मा ने भी टिकट देने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बतौर मेयर रहते हुए उन्होंने चार वर्षों तक धरातल पर काम किया है। लोगों की समस्याओं का समाधान करने का काम किया है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि मेरा लक्ष्य कालका विधानसभा का विकास कराना है। शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली को जनता पसंद करती है। मुख्यमंत्री ने कम समय में ही लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। हरियाणा के लोग भाजपा सरकार के काम से खुश हैं। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि मैं लोगों की सेवा के लिए दिनरात काम करूंगी।

**पंचकूला और कालका में कमल का फूल खिलाने के लिए कार्यकर्ता करेंगे जीतोड़ मेहनत : दीपक शर्मा**

भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन मजबूत है। भाजपा के पास समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने ज्ञानचंद गुप्ता और शक्तिरानी शर्मा को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता पंचकूला और कालका विधानसभा में कमल खिलाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे और लोगों को घर-घर जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताने और मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे। श्री शर्मा ने दावा करते हुए कहा कि पंचकूला जिला की दोनों विधानसभाओं में कमल खिलेगा और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

## दिव्यांग व 85 वर्ष की आयु वर्ग से अधिक के मतदाता घर से डाल सकते है वोट : मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल

**लोकतंत्र में हर मतदाता करे अपने मताधिकार का प्रयोग**

**5 वर्ष में आने वाले इस अवसर को एक पर्व के रूप में मनाना चाहिए**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र में दिव्यांग व 85 वर्ष की आयु वर्ग से अधिक के मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा वैकल्पिक है। ऐसे मतदाता मतदान केंद्र पर जाकर भी मतदान कर सकते हैं।

श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र में हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। दिव्यांग व 85 वर्ष की आयु के मतदाताओं को भी आम मतदाताओं की तरह अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इसलिए उन्हें यह विशेष सुविधा प्रदान की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 5 वर्ष में एक बार आने वाले आम चुनाव को हर किसी नागरिक को पर्व के रूप में मनाना चाहिए। हरियाणा में 5 अक्तूबर, 2024 को विधानसभा के आम चुनाव के लिए मतदान होना है और इस पर्व में हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने वोट की आहुति डालनी चाहिए।

श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, फार्म 12-डी भरकर चुनाव अधिसूचना (05 सितम्बर, 2024) के 5 दिनों के भीतर रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। इसके अतिरिक्त, दिव्यांग मतदाताओं को 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की एक प्रति जमा करवानी होगी तथा मतदान सूची में चिन्हित होना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं के घर से बी.एल.ओ. फार्म 12-डी प्राप्त करेगा। उम्मीदवारों को ऐसे मतदाताओं की एक सूची भी प्रदान की जाएगी, ताकि वे घर से मतदान की प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त कर सकें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान अधिकारियों की टीम मतदाता का वोट लेने के लिए उसके घर पर जाएगी। इसके लिए मतदाताओं को मतदान अधिकारियों के दौरे के बारे पहले से ही सूचित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में एक वीडियोग्राफर तथा पुलिस सुरक्षाकर्मी मतदान अधिकारियों के साथ भी रहेगा। मतदान की यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार होगी व मतदान की गोपनीयता बनाई रखी जाएगी।

## वैश्य समाज की टिकटें काटने पर भाजपा के विरोध में खड़ा हुआ वैश्य समाज

**वैश्य समाज की भाजपा ने टिकट काटी तो विरोध में आया अग्रवाल वैश्य समाज**

**वैश्य समाज के लोगों ने इसकी निंदा करते हुए भाजपा का पतन होने की बात कही**



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरूग्राम।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने भाजपा द्वारा वैश्य समाज के नेताओं की टिकट काटे जाने का खुलकर विरोध किया है। समाज के नेताओं ने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार से टिकट वितरण में वैश्य समाज के साथ भेदभाव किया है, इसका बदला वैश्य समाज चुनाव में लेगा।

अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि भाजपा ने दो निवर्तमान विधायक और दो विधायक प्रत्याशी रहे पलवल से दीपक मंगला, गुडगांव से सुधीर सिंगला, सोनीपत से कविता राजीव जैन व सिरसा से प्रदीप रातूसरिया के टिकट काटकर दूसरे समाज के लोगों को देने का काम किया है। बुवानीवाला ने कहा कि अगर हिसार से सावित्री जिंदल, सोनीपत से कविता जैन, बहादुरगढ़ से पंकज जैन और गुरुग्राम से नवीन गोयल निर्दलीय भी चुनाव लड़ते हैं तो वैश्य समाज उनका समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वैश्य समाज को लंच और मंच की व्यवस्था करने तक सीमित कर दिया है। यह बात किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा।

बुवानीवाला ने कहा कि भाजपा अब बीते दिनों की बात हो गई है। वैश्य समाज के दम पर पार्टी सत्ता में आई थी, लेकिन अब पार्टी ने वैश्य समाज की अनदेखी करके अपना ही नुकसान करने का काम किया है। समाज की अनदेखी की वजह से अब भाजपा ताश के पतो के महल की तरह बिखरेगी। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज के नेता अब केवल पार्टी में पद तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि चुनाव लडकर विधानसभा और संसद में जाने का काम करेंगे। अशोक बुवानीवाला ने साफ कहा कि वर्तमान के हालातों में राजनीति के बिना कुछ भी नहीं होता और भाजपा ने वैश्य समाज को दरकिनार कर अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। उन्होंने वैश्य समाज के नेताओं का आह्वान किया कि वह पार्टी से बागी होकर मैदान में उतरे समाज उनका हर तरीके से साथ देगा।

अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला व बलराम गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने जिस प्रकार से वैश्य समाज के लोगों की अनदेखी की है, वह असहनीय है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज चाहता था कि पार्टी पिछले चुनाव की तुलना में एक दो टिकट ज्यादा दी जाती। भाजपा ने चार टिकट काटकर समाज को संदेश दिया है कि अब शायद भाजपा को वैश्य समाज की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में भाजपा ने 90 में से 40 सीट जीती थी। वैश्य समाज से 7 प्रत्याशी जीत कर आए और बाकी 81 में से पार्टी के केवल 33 नेता विधायक बने। उन्होंने कहा कि जिस समाज ने पार्टी को खड़ा करने और पार्टी को सत्ता में लाने का काम किया, अब भाजपा ने उसी की अनदेखी की है। भाजपा ने उसी टहनी को काटा है, जिस टहनी पर वह बैठी है। अब भाजपा को गर्त में जाने से कोई नहीं बचा सकता।

## बादशाहपुर में फहरेगी भाजपा की विजय पताका : राव नरबीर सिंह

**पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कार्यकर्ताओं को प्रचार में जुट जाने का दिया संदेश, शीघ्र होगी गृहमंत्री अमित शाह की रैली**



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि बादशाहपुर विधानसभा में निश्चित तौर पर भाजपा की विजय पताका फहरेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से उनको अपना उम्मीदवार बनाया है। बादशाहपुर की जनता जानती है कि 2014 से 2019 तक उन्होंने मंत्री रहते हुए किस तरह से गुरुग्राम में दो दर्जन के लगभग फ्लाइओवर और अंडरपास बनवाए थे। देश का सबसे महंगा रोड द्वारका एक्सप्रेस वे बनवाने का काम भी उस दौरान किया गया था। राव नरबीर सिंह ने कहा कि वह वादा करते हैं कि जितना विकास कार्य पिछले कार्यकाल में कराया था उससे अधिक रफ्तार से काम इस बार कराया जाएगा। राव नरबीर सिंह शुक्रवार को गढ़ी मुरलीपुर, नखडौला और वजीराबाद गांव में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

**अपने लोगों के बीच अधिकार से आया हूं**

राव नरबीर सिंह ने कहा कि भाजपा ने उनपर विश्वास इसलिए जताया है क्योंकि पार्टी को बादशाहपुर की जनता पर विश्वास है कि वह निश्चित तौर पर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का ही साथ देगी। उन्होंने कहा कि इस बार 16 दिसंबर 2023 को उन्होंने अपने प्रचार अभियान की शुरूआत धनकोट गांव से की थी। धनकोट उन्होंने इसलिए चुना था क्योंकि यह हरियाणा का ऐसा गांव है जिसमें छतीस बिरादरी के लोग रहते हैं। वहां से उन्हें सभी समाजों का सहयोग मिला। उन्हें पूरी उम्मीद है कि बादशाहपुर में हर समाज के लोग उनका साथ देंगे। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री रहते हुए उन्होंने कभी किसी गांव व व्यक्ति के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। जो काम किए जाने लायक था बिना किसी भी सिफारिश के उन्होंने उस काम को कराने का प्रयास किया। वह अब भी बादशाहपुर की जनता से वादा करते हैं कि चांद, तारे, सितारे तोड़कर लाना राव नरबीर सिंह के वश में नहीं लेकिन बादशाहपुर के विकास में वह अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वह बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र का 70 प्रतिशत क्षेत्र कवर कर चुके हैं और लोगों का समर्थन व प्यार बता रहा है कि यहां एक बार फिर से भाजपा और राव नरबीर सिंह को ही जनता का समर्थन मिलने जा रहा है।

**गृहमंत्री अमित शाह बादशाहपुर में करेंगे चुनावी जनसभा**

राव नरबीर सिंह ने कहा कि वह पिछले दिनों ही देश के गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर आए हैं। काफी देर तक हरियाणा के चुनाव को लेकर उनकी चर्चा हुई थी। अमित शाह से उन्होंने बादशाहपुर में चुनावी जनसभा करने का आग्रह किया था जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। शाह शीघ्र ही बादशाहपुर आएंगे। उन्होंने मौजूद समर्थकों ने कहा कि शाह की चुनावी जनसभा हरियाणा में एक नया इतिहास कायम करेगी।

**बादशाहपुर का विकास कराना ही मेरा ध्येय**

राव नरबीर सिंह ने कहा कि कैबिनेट मंत्री रहते हुए वह गुरुग्राम में पहला विश्वविद्यालय लेकर आए जिसका निर्माण कार्य काकरोला में चल रहा है। इसके साथ ही खेडकी माजरा में मेडिकल कालेज की स्थापना कराई। सभी गांवों में 12 फीट की सड़कों को 18 फीट की करने का काम किया था। बादशाहपुर का विकास कराना ही उनका ध्येय है और अपने इस ध्येय की पूर्ति के लिए वह लगातार काम करते रहेंगे।

**यह लोग रहे मौजूद:**

इस अवसर पर धनपत सरपंच, रामपाल सरपंच, रजपत नंबरदार, धनसिंह थानेदार, राजबीर मैनेजर, नवीन सरपंच, जल सिंह, संजय सरपंच, रिसाल सरपंच, डा. धनसिंह, विनोद, रामफल, छप्पन पंडित, रामबीर आदि विशेष तौर पर मौजूद रहे। नखडोला गांव में सरपंच एमडी यादव, कृष्ण यादव,रामेश्वर सिंह, हनी सिंह, संजय, दयाराम, वीरेंद्र, ब्रह्म प्रकाश,रामपाल थानेदार, मुकेश विशेष तौर पर मौजूद रहे। वजीराबाद में पार्षद कुलदीप यादव, रघुवीर,मंगत, राजेंद्र, रमेश, बिजेंदर, सुरेंद्र, बलबीर, सदा राम, रामवीर, कुलजीत, प्रवीण, सुभाष, राकेश, टीकाराम, कृष्ण कुमार, राजकुमार, रमेश,सतीश पहलवान, छत्रपाल ,जेलदार मनोज,हरीश ,सुभाष सत्येंद्र, राज आदि मौजूद रहे।

## राजनीतिक दलों को चुनाव घोषणा पत्र की प्रतियां जमा करवाना अनिवार्य

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशानुसार राजनीतिक दलों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अपने चुनाव घोषणा पत्र की हिंदी व अंग्रेजी की तीन-तीन प्रतियां, घोषणा पत्र जारी करने की तिथि के 3 दिनों के अंदर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा करवानी होंगी।

श्री पंकज अग्रवाल ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता के सभी पहलुओं का गहनता से अध्ययन करें और चुनाव के दौरान इसकी पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करें । आदर्श चुनाव आचार संहिता के पैरा-8 के उप क्रमांक तीन के अनुसार चुनाव घोषणा पत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और वादों की विश्वसनीयता के हित में, यह अपेक्षा की जाती है कि घोषणापत्र वादों के औचित्य को भी प्रतिबिंबित करें और मुख्य रूप से इसके लिए वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने के तरीकों और साधनों को रेखांकित करें तथा मतदाताओं का विश्वास केवल उन वादों पर मांगा जाना चाहिए जिनका पूरा होना संभव हो।

## भर्तियों को पूरा करने की मांग को लेकर अभ्यार्थियों ने सौंपा भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नाम ज्ञापन

**लटकी पड़ी भर्तियों और अटकी पड़ी ज्वाइनिंग को तत्परता के साथ पूरा करेगी कांग्रेस सरकार- हुड्डा**

**लटकी पड़ी पुलिस, ग्रुप-डी व सीईटी के सभी ग्रुप्स की भर्तियां पूरी करना कांग्रेस की प्राथमिकता- हुड्डा**

**पेपर की तैयारी जारी रखें युवा, कांग्रेस सरकार करेगी 2 लाख पक्की भर्तियों- हुड्डा**

**पेपर के आधार पर साफ-सुथरी भर्तियां करेगी कांग्रेस, पेपर लीक व भर्ती माफिया का होगा खात्मा- हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पेंडिग भर्तियों को पूरा करने के लिए आंदोलनरत युवाओं को कांग्रेस भरोसा दिलाती है कि जल्द ही उनका इंतजार खत्म होने वाला है। कांग्रेस सरकार बनते ही बीजेपी द्वारा लटकाई गई भर्तियों को तुरंत प्रभाव से पूरा किया जाएगा। अटके पड़े रिजल्ट को बिना देरी के जारी करते हुए रुकी हुई ज्वाइनिंग को भी तत्परता के साथ पूरा करवाया जाएगा। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा भर्तियों को पूरा करने की मांग को लेकर अभ्यार्थियों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं द्वारा भेजा गया यह ज्ञापन कांग्रेस के लिए कोई मांग नहीं, बल्कि अभ्यार्थियों का अधिकार है। क्योंकि प्रदेश के युवा बीजेपी के झांसे, पेपर लीक और भर्ती घोटालों से त्रस्त हैं। बीजेपी ने 5 साल तक सिर्फ भर्तियों को लटकाने, भटकाने और युवाओं को कोर्ट के चक्कर कटवाने का काम किया है। लेकिन कांग्रेस सरकार बनते ही लटकी पड़ी पुलिस, ग्रुप-डी और सीईटी के सभी ग्रुप्स की भर्तियों को पूरा किया जाएगा।

हुड्डा ने युवाओं से पेपर की तैयारी जारी रखने का भी आह्वान का। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में जारी भर्ती प्रक्रियाओं को पूरा करने के साथ, कांग्रेस सरकार बनते ही 1 लाख नई भर्तियों की प्रक्रिया भी शुरू कर देगी। हरियाणा से पेपर लीक और भर्ती माफिया का जड़ से खात्मा करते हुए हरेक भर्ती पेपर व योग्यता के आधार पर साफ-सुथरे तरीके से होगी। पेपर में हरियाणा जीके का हिस्सा बढ़ाया जाएगा ताकि प्रदेश के युवाओं को प्रदेश की भर्तियों में पूरी-पूरी भागीदारी मिले। भर्तियों में किसी भी तरह की धांधली, अटकन, भटकन ना हो, पारदर्शी भर्ती के लिए कांग्रेस द्वारा भर्ती विधान बनाया जाएगा।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने पूरे 5 साल युवाओं को नौकरी के लिए तरसाया है। जो ईक्का-दुक्का भर्तियां हुई हैं, वह भी युवाओं ने कोर्ट के रास्ते से पूरी करवाई हैं। बावजूद इसके बीजेपी युवाओं पर अक्सर नौकरी देने का अहसान जताती रहती है। लेकिन कांग्रेस सत्ताधारी बीजेपी को बताना चाहती है कि नौकरी देना हरेक सरकार की जिम्मेदारी होती है, यह कोई अहसान नहीं होता। कांग्रेस सरकार अपनी इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएगी और अलग-अलग विभागों में खाली पड़े 2 लाख से ज्यादा पदों पर योग्य युवाओं को भर्ती करगी।

## बाईक सवार युवकों ने चाकू से हमला कर युवक को किया घायल, मामला दर्ज

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

**होडल** : शहर की पांडव वन कालोनी में बाईक सवार युवकों द्वारा एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। चाकू लगने से युवक घायल हो गया। घटना के बाद पीडित ने मामले की शिकायत थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पांडवन कालोनी होडल निवासी रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 सितम्बर को सांय के समय वह अपने घर के बाहर गली में खडा हुआ था। उसी दौरान बाईक पर सवार 3-4 युवक वहां पहुंचे और उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। जब उसने आरोपितों का विरोध किया तो वह उसके साथ मारपीट करने लगे। शिकायत में बताया कि एक युवक ने उस पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद जब उसकी माता सफेदी मौके पर पहुंची तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर आरोपित दीपक सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## खेत से सोलर पम्प की प्लेटें चोरी, मामला दर्ज

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

**होडल,**: क्षेत्र के जंगल में सिंचाई के लिए लगाए गए सोलर उपकरण चोरी होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अज्ञात चोर आए दिन किसी ना किसी किसान के खेतों से सोलर पम्प ओर बिजली की मोटर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। हालांकि शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मुकदमा तो दर्ज कर लिया जाता है, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगाया जाता है। जिसके कारण किसानों में रोष व्याप्त है। ऐसी ही एक घटना गांव सोनहद में घटित हुई है। गांव निवासी किसान सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 अप्रैल को उसने खेतों पर सिचाई के लिए 10 हार्स पावर का सोलर पम्प लगवाया था। उक्त सोलर पम्प की 6 प्लेटों को अज्ञात चोर 30 अगस्त की रात को चुराकर ले गए। दूसरे दिन जब वह खेतों पर गया तो इस मामले की जानकारी मिली। काफी तलाश करने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं लग सका तो उसने मामले की शिकायत मुंडकटी थाना पुलिस को शिकायत दी। चोरी हुई सोलर प्लेटों की लाखों रुपये कीमत बताई गई है। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## कम्पनी के घर लौट रहे युवक से बाईक सवार नकाबपोश बदमाश हजारों की नगदी लूटकर फरार, युवक हुआ घायल

**होडल** : क्षेत्र में बाईक सवार बदमाशों का आतंक लगातार बढता जा रहा है। बाईक सवार बदमाश आए दिन लूटपाट की घटना को अंजाम देकर बडी आसानी से चंपत हो जाते हैं और घटना के बाद सूचना मिलने पर जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती है तब तक बदमाश काफी दूर निकल जाते हैं। आए दिन हो रही लूटपाट की वारदातों से लोगों में दहशत व्याप्त है। मजेदार बात यह है कि चुनावों को लेकर शहर के अलावा चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात है, लेकिन उसके बाद भी बदमाश लूटपाट की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। ऐसी ही एक घटना राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव भुलवाना से उमराला सडक मार्ग पर नाले के निकट घटित हुई है। यहां बाईक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने कम्पनी से घर जा रहे एक युवक के साथ मारपीट कर उससे हजारों की नगदी,सोने की चैन,मोबाईल व अन्य सामान लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीडित ने निकट के अस्पताल में अपना उपचार कराया और मामले की शिकायत थाना पुलिस को दी। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो सका है। गांव उमराला यूपी निवासी नेपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 सितम्बर को वह कम्पनी से डयूटी करके बाईक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। जब वह उमराला रोड स्थित नाले के निकट पहुंचा तो बाईक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया और किसी लोहे की पंच से उस पर हमला कर घायल कर दिया। इसी बीच बदमाश उससे पांच हजार रुपये, सोने की चैन,मोबाईल व बैग लूटकर फरार हो गए। पीडित ने बताया कि बदमाशों ने उसकी बाईक को भी लूटने का प्रयास किया, लेकिन बाईक स्टॅार्ट नहीं हो सकी और बदमाश उसकी बाईक की चाबी को ले गए। घटना के बाद पीडित जैसे तैसे अपने घर पहुंचा और उपचार कराने के बाद पुलिस को शिकायत दी। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

## एमवीएन विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

ज्योति खंडेलवाल /पलवल :- एमवीएन विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. अरुण गर्ग ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, "हमारे जीवन के सबसे पहले गुरु हमारे माता-पिता होते हैं, जो हमें संस्कार और मूल्यों की शिक्षा देते हैं। इसके बाद शिक्षक हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो हमें ज्ञान और जीवन की दिशा प्रदान करते हैं। उप-कुलपति डॉ. एन.पी. सिंह ने समाज में शिक्षकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, "शिक्षक समाज के निर्माणकर्ता होते हैं। वे न केवल छात्रों को शिक्षित करते हैं, बल्कि उन्हें एक अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। कुलसचिव डॉ. योगेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "डॉ. राधाकृष्णन एक महान शिक्षाविद और दार्शनिक थे, जिन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा और हमेशा इसे समाज की प्रगति का आधार माना। उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए ही शिक्षक दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी इस अवसर पर अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# आंकेड़ा सहित नूंह, शाहपुर नंगली, टांई, हिरमथला में कांग्रेस के आफताब अहमद को समर्थन

(अनिल मोहनियां नूंह)

नूंह नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सीमा सिंगला समर्थकों सहित कांग्रेस के साथ नूंह जिले के विकास के लिए सब कांग्रेस के साथ आएं: आफताब अहमद जैसे जैसे प्रदेश के विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे वैसे नूंह जिले में राजनैतिक पारा चढ़ रहा है, भले ही बीजेपी व अन्य राजनैतिक दलों के समर्थन कार्यक्रम अभी तक शुरू नहीं हो पाए हों लेकिन कांग्रेस के समर्थन कार्यक्रम तेजी से चल रहे हैं। स्थानीय नूंह विधायक आफताब अहमद को चुनावी घोषणा के बाद से अभी तक पांच दर्जन गांवों में बड़े स्तर पर समर्थन मिल चुके हैं जिससे वहां कांग्रेस बेहद मजबूत नजर आ रही है। शुक्रवार शाम आंकिडा गांव में विधायक आफताब अहमद को फिर जन समर्थन मिला जिस दौरान दर्जनों लोगों ने बीजेपी सहित अन्य दलों को अलविदा कहकर कांग्रेस का समर्थन कर दिया। इनमें प्रमुख रूप से तफज्जुल, हाजी आजम, हाजर खान, इफरी, हसन, जाहिद ठेकेदार, हमीदा सरपंच, हाजी इकरामु, असगर, अब्दुल गनी लम्बरदार, कमला खान, हाजी अख्तर, खुर्शीद अहमद सहित दर्जनों शामिल रहे। विधायक आफताब अहमद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की सरजमीं है जहां नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मोहब्बतों की नीतियों, नीयत और नेतृत्व की आँधी चल रही है। बीते



दस सालों के भाजपाई कुशासन से लोग त्रस्त हो चुके हैं और बीजेपी की नीति, नीयत और नेतृत्व से नाराज होकर इलाके के विकास की बाट जोह रहे हैं। कांग्रेसी दिग्गज नेता आफताब अहमद ने कहा कि कई बार राजनीति में पक्ष विपक्ष से अलग हटकर इलाके और लोगों के हितों को सर्वोपरि मानकर फैसला करने का समय आता है। आज वही वक़्त है फैसले लेने का और लोगों को कांग्रेस के और विधायक के हाथ इसलिए मजबूत करने की जरुरत है ताकि लोगों के हितों की रक्षा की जा सके। संविधान और लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए यही समय की मांग भी है। उन्होंने कहा कि लोग जिस तरह से उन्हें व कांग्रेस को समर्थन दे रहे हैं वो ऐतिहासिक है, इसके बदलें में लोगों को भरपूर विकास मिलेगा। विधायक आफताब अहमद ने आह्वान करते हुए कहा है स्थानीय लोग उन नेताओं का बहिष्कार करें जो जरूरत पड़ने पर कभी लोगों के सुख दुःख में खडे नहीं होते। वहीं बृहस्पतिवार देर रात को भी आंकिडा गांव में कई दर्जन लोगों ने विधायक आफताब अहमद को समर्थन दे दिया जिसमें आकेड़ा गांव में अब्बास प्रधान एनपीएस स्कूल आंकिडा, हाजी सुलेमान, जाहिद ठेकेदार, जकरिया मछली ठेकेदार, बल्लू ठेकेदार, हमीदा सरपंच, अक्कू मछली ठेकेदार, लुकमान ठेकेदार, जुनैद ठेकेदार, हाजी सुलेमान, यासिर मौलाना, हक्कू ड्राइवर, जाकिर क्रिकेटर, खुर्शीद, शोएब, हाजी इसना, यूसुफ, हमीद टेलर, अंजुम मछली ठेकेदार, जावेद डीलर्स, हमीद जेसीबी, हामिद ठेकेदार उर्फ कुल्लु, समून ड्राइवर, इलवास प्रधान, अब्दुल रहीम, हाजी खुर्शीद, हनीफ उर्फ रालु, मौलाना शहीद, याहया मछली ठेकेदार, हाजी हारून डीलर, फुकराम सिंह, मनोज पंडित, वसीम अकरम, सफी मौहम्मद, सम्मन, हाजी जैद, अरसद दुकानदार, अजय, मेव सिंह, रूपराम, भज्जी बाल्मीकि, विजयपाल, रोहताश, सहीद घड़ी मास्टर, रुददार जेसीबी, रमजानी, छोटेलाल, भजन प्रजापत, सलीम सेंटरिंग, सरफराज, इसराइल, मौलाना समून, मौलाना याहया, जफरू ड्राइवर, सब्बीर, मन्नान आदि शामिल थे। उधर नूंह शहर के प्रमुख लोगों जैसे सीमा सिंगला, विष्णु चेयरमैन, पुनीत गुप्ता, कमल ठेकेदार, कृष्ण गर्ग, सोनू सिंगला, देव प्रकाश सिंगला, सुनील सिंगला, हरीश मेडिकल, आलोक गुप्ता, मा० चन्द्रभान, कुलदीप चौहान, लीलू प्रधान, मा० सुरेश, पंगल भगतजी, मनीष मंगला, महंत ज्ञानिदास, मा० भजनलाल, कमल बसंल, मोनू बसंल, सोनू बंसल, शकी मंगला, तेजपाल, मनीष मंगला, विकास, नीरज, आशु, राहुल, सुमित, सोरफ साईवाला, बबली मेडिकल, सुरेश, गौरव मेडिकल, चिंकू स्वीट्स, अनिल सिंगला, चिंटू पंडित, अमित विशिष्ट, यश गर्ग, पंकज बसंल, संजय मंगला, राजकुमार मंगला आदि ने बीजेपी सहित अन्य दलों को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं टांई गांव में फकरु सरपंच, उसमान सरपंच, अब्दुल हई ठेकेदार, जलेब खान ब्लाक मेम्बर, महमूद, मोजिम, आसु नम्बरदार, हाफिज हारून, जुबैर उर्फ टेडी, अब्दुल रहीम, ताहिर, जमशेद ठेकेदार, आमिर खान आदि ने बीजेपी व अन्य दलों को छोडकर कांग्रेस का समर्थन किया। उधर नूंह के शाहपुर नंगली में कालु, अय्युब, इल्यास, जाकिर, आसु, हसीन, नसीम, शहीद, हरीश, साकिर, यूसुफ, हाजी हुसैन, इकराम, वसीम, खालिद, उमरदीन सहित दर्जनों परिवारों ने बीजेपी व अन्य दलों को छोडकर कांग्रेस में आस्था जताई। उधर हिरमथला गांव के तौफीक सरपंच, हाजी सुबान खां, खुर्शीद, जाकिर, इजराइल, मजीद, शहीद, अमीचंद सैनी, ज्ञानचंद सैनी, रूजदार खान, मोजम, चांव खान, अय्यूब, भूरा, ओमप्रकाश, रामु,

रामउतार, सलीम, सुरेश, सब्बीर सहित दर्जनों लोगों ने आफताब अहमद को समर्थन दे दिया। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि नूंह के लाखों लोग आज आफताब अहमद के नेतृत्व में विकास के लिए साथ खड़े हैं। लोग समझ चुके हैं कि इलाके के हितों के लिए कौन संघर्ष करता है और कौन अपने स्वार्थ की राजनीति करता है। पक्ष विपक्ष से ऊपर उठकर इलाके के लोग कांग्रेस और आफताब अहमद का समर्थन कर रहे हैं। इलाके के विकास के लिए कांग्रेस व आफताब अहमद पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## कई गांवों के लोगों ने पंचायत कर दया भड़ाना को दिया समर्थन



अनिल मोहनियां नूंह

पुन्हाना विधानसभा से एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरी बहन दया भड़ाना के समर्थन में गुरुवार को सिंगार, नई,बिछौर, गुलालता, सिहिरी, डूडोली के लोगों ने एक पंचायत की। पंचायत में सर्व समिति से यह फैसला लिया गया कि इस बार पुरानी गलती नही होने दी जाएगी,पूर्ण बहुमत के साथ एकजुट होकर चुनाव में मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में विकास की दरकार है। जिसे बहन दया भड़ाना ही पूरा कर सकती है। पहले रहीसा और मोहम्मद इलियास को भी जनता ने देख लिया है। इन नेताओं ने क्षेत्र का विकास करने के बदले विनाश किया है। विधायक रहते हुए रहीसा ने लोगों पर झूठे मुकदमे, बेवजह लोगों को परेशान करना, क्षेत्र में नशे के कारोबार को बढ़ावा देना सहित बिजली,पानी,सड़के जैसी मूलभूत सुविधाओं से जनता को वंछित रखा। लोगों ने मौजूदा विधायक इलियास मोहम्मद के बारे में कहा की पिछले 5 वर्ष का कार्यकाल उन्होंने हुक्का पीने में गुजारा है। क्षेत्र के विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और न ही क्षेत्र की आवाज उठाई गई। आज सड़कों का बुरा हाल है, स्वास्थ्य सेवाएं ठप है ,शिक्षा के क्षेत्र में लगातार हमारा जिला पिछड़ रहा है। दया भड़ाना के अलावा जनता के पास कोई विकल्प नहीं है। दया भड़ाना लोगों के सुख-दुख में तो शामिल होती ही हैं,बल्कि लोगों की मदद करने में भी सबसे आगे हैं। इस बार क्षेत्र बदलाव चाहता है और बदलाव होकर भी रहेगा। दया भड़ाना ने कहा कि जो लोग उनसे रूठ रहे है। उनको मानने का काम करें। जहां मेरी जरूरत पड़े वहां मुझे बुलाए। इस बार मेवात को आजाद करने का वक्त है। यहां के नेताओं की बदौलत मेवात आज तक आजाद नहीं हुआ। नेताओं ने कभी नहीं चाहा कि क्षेत्र का विकास हो और क्षेत्र आगे बढ़े। दया भड़ाना ने कहा की यह लड़ाई मेरी नहीं बल्कि मेवात की लड़ाई है, यहां के नौजवानों की लड़ाई है, मेवात के विकास की लड़ाई है, मेवात की गरीबी की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सभी दया भड़ाना बनकर आज से ही अपना काम शुरू कर दें,मालिक ने चाहा तो इस बार मेवात जीत रही है। सबको मिलकर इस लड़ाई को लड़ना है।

## कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी: होडल से उदयभान और फरीदाबाद से नीरज शर्मा से मिला टिकट

समाचार गेट/एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस ने अपनी पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने पहली सूची 31 कैंडिडेट के नामों का ऐलान किया है। पार्टी ने फरीदाबाद से नीरज शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची पर मुहर कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी की मौजूदगी में सीईसी की बैठक में लगी। इसमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा को एक बार फिर से पार्टी ने गढ़ी सांपला किलोई सीट से टिकट दिया है। कांग्रेस की पहली सूची जारी होने से पहले आईसीसी मुख्यालय में भारी हंगामा भी देखने को मिला। बरवाला विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया की कार को घेर लिया था। बीजेपी ने अपनी पहली सूची में 67 कैंडिडेट का ऐलान किया था।

किलोई से लड़ेंगे भूपेंद्र हुड्डा

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा किलोई से ही चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा पार्टी ने पूर्व मंत्री गीता भुक्कल को झज्जर (सुरक्षित) सीट से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने पूर्व वित्त मंत्री और लालू प्रसाद यादव के दामान चिरंजीव राव को रेवाड़ी से फिर उतारा है। इसके पार्टी ने नूंह



सीट पर आफताब अहमद को टिकट दिया है। अन्य बड़े चेहरों में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान होडल (सुरक्षित) सीट से लड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी ने एनआईटी फरीदाबाद सीट से नीरज शर्मा को टिकट दिया है। पार्टी ने डबवाली सीट से अमित सिहाग को उतारा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की सीट रहे चुकी नारायणगढ़ से कांग्रेस ने शैली चौधरी को टिकट दिया है।

सीएम सैनी के सामने मेवा सिंह

कांग्रेस ने अपनी सूची में घोषित 31 कैंडिडेट में लाडवा सीट मौजूदा विधायक मेवा सिंह की टिकट बरकरार रखी है। 2019 में मेवा सिंह ने बीजेपी के सिटिंग विधायक डॉ. पवन सैनी को



शिकस्त दी थी। इस बार लाडवा से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी खुद चुनाव लड़ रहे हैं। उप चुनाव में सीएम सैनी करनाल से जीते थे, लेकिन वह अब लाडवा से बीजेपी कैंडिडेट हैं।

नूंह की तीनों सीटें घोषित

कांग्रेस ने दिल्ली से सटे गुरुग्राम जिले की सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान पहली सूची में नहीं किया है, हालांकि पार्टी ने नूंह जिले की तीनों सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने नूंह से आफताब अहमद, फिरोजपुर झिरका से मामन खान और पुन्हाना से मोहम्मद इलियास को उतारा है। तीनों को सिटिंग विधायक हैं। पार्टी ने ऐसे में मेवात में विनिंग कंबीनेशन को बरकरार रखा है।

## विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता बने भागीदार- उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

अनिल मोहनियां नूंह

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के लिए विधानसभा क्षेत्र पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका व नूंह में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां प्रभावी रूप से चलाई जाएं तथा जिला के सभी मतदाताओं से चुनाव के इस महापर्व में अधिक से अधिक भागीदार सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने बतायाकि जिला में स्वीप गतिविधियां आयोजित करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। विभिन्न विभागों के माध्यम से भी गतिविधियां आयोजित कर आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी करें तथा



सभी मतदाता वोट जरूर डालें। अगर यहां के मतदाता कहीं नौकरी कर रहे हैं तो उस दिन पैड हॉली-डे होगा, इसलिए मतदान करने अपने बूथ पर अवश्य पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्वीप अभियान के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी मतदाताओं को मतदान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक व प्रेरित करें तथा स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को डोर-टू-डोर संपर्क करते हुए, मुनादी करवाकर, मतदाता जागरुकता शपथ दिलाकर, व्याख्यान, हस्ताक्षर अभियान चलाकर, मानव शृंखला बनाकर, रंगोली, नुक्कड़ नाटक व लोकगीतों के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक किया जाए। मतदाता जागरुकता के तहत मतदाताओं को संकल्प दिलाया जाए कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना आगामी विधानसभा आम चुनाव में 5 अक्टूबर को मतदान के दिन अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें।

## जैन धर्म में दशलक्षण पर्व का है विशेष महत्त्व आत्म शुद्धि का पर्व है पर्युषण पर्व

अनिल मोहनियां नूंह

जैन धर्म में दशलक्षण पर्व का विशेष महत्त्व है ,इस पर्व को पर्युषण पर्व भी कहते हैं। भाद्र माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी से लेकर चतुर्दशी तक बड़ी निष्ठा, उमंग, लगन, श्रद्धा, आस्था,हर्षोल्लास के साथ ये पर्व मनाया जाता है। दशलक्षण एक वर्ष में तीन बार चैत्र,भादो,माघ, माह में आते हैं। लेकिन भाद्र माह में आने वाले पर्युषण पर्व को जैन धर्म के अनुयायी विशेष रूप से मनाते हैं। इस पर्व का अपना विशेष महत्व है। धर्म तो एक ही है लेकिन धर्म का स्वरूप दशलक्षण रूप है आत्मा के स्वरूप की प्रतीति पूर्वक चारित्र धर्म की दस प्रकार से आराधना करना दशलक्षण धर्म है। सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने बताया कि



आत्मा के दस प्रकार के सद्भावो के निवास से संबंधित होने से इसे दशलक्षण महापर्व भी कहा जाता है। इस बार दशलक्षण पर्व 08 सितंबर से 17 सितंबर तक मनाये जाएंगे। रजत जैन ने बताया की जैन धर्म में दिगंबर आमना के अनुयायी दशलक्षण पर मानते हैं। श्वेतांबर आमना के अनुयायी भाद्र माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से भाद्र माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तक आठ दिनों के लिए ये पर्व मानते हैं। जिनको अठाई भी कहा जाता है। दिगंबर आमना में 10 दिनो तक पर्व मनाया जाता है,जिनको दशलक्षण पर्व कहा जाता है रजत ने बताया की उत्तम क्षमा धर्म,उत्तम मार्दव धर्म ,उत्तम आर्जव धर्म, उत्तम शौच धर्म, उत्तम सत्य धर्म, उत्तम संयम धर्म ,उत्तम तप धर्म ,उत्तम त्याग धर्म ,उत्तम आकिंचन धर्म, उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म। व्यक्ति इन धर्मों का पालन कर कर अच्छे मानव मूल्यों को जीवन मे अपनाकर उच्च जीवन जीने का प्रयास करते हैं। आत्म शुद्धि ,आत्मकल्याण से मोक्ष मार्ग पर ले जाने में ये दस धर्म सहायक होते हैं एवं जैन धर्म के अनुयायियों के लिए जीवन के लिए एक नई दिशा प्रदान करते हैं। जैन धर्म के अनुयायी वैसे तो पूरे वर्ष जियो और जीने दो और अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत पर चलते हैं लेकिन इन दस दिनों में जीव दया का विशेष ध्यान रखते हैं , प्राणी मात्र के प्रति मैत्री भाव व दया भाव रखते हैं उनका प्रयास रहता है की मन- वचन- काय से किसी भी प्राणी मात्र के प्रति जाने अनजाने में भी गलती ना हो ओर और उनको किसी भी प्रकार की पीड़ा या दुख ना पहुंचे । अपने द्वारा की गई गलतियों के लिए प्राणी मात्र से क्षमा याचना भी करते हैं। जैन धर्म के अनुयायी शारीरिक शुद्धि की अपेक्षा आत्म शुद्धि पर विशेष ध्यान देते हैं ताकि राग - द्वेष, मोह- माया,लोभ- लालच से दूर रहकर अपना आत्म कल्याण कर सके। भक्ति भाव से करते हैं पूजा अर्चना:- जैन धर्म के अनुयायी इन दस दिनों में विशेष उपवास, उद्यापन , अनुष्ठान इत्यादि अनेक धार्मिक कार्य करते हैं। भगवान जिनेंद्र प्रभु का स्वर्ण रत्न जड़ित कलशों से जलाभिषेक के साथ पूजा, अर्चना,आरती आदि पूर्ण निष्ठा, आस्था लगन ,उमंग के साथ विधि पूर्वक मंत्रोच्चरणों के साथ भक्ति भाव से करते हैं सात्विक भोजन में रखते हैं विश्वास:- वैसे तो दस दिनों में अधिकांश लोग उपवास पर रहते हैं लेकिन जो लोग उपवास नहीं रख पाते हैं ,वे व्यक्ति सात्विक भोजन (सादा भोजन) में विश्वास रखते हैं जिसमें मुख्य रूप से वे दाल खिचडी, दाल रोटी, उबला पानी, उबली दाल ,दलिया आदि का प्रयोग दैनिक जीवनचर्या में करते हैं व आडंबरों से दूर रहते हैं क्षमावाणी पर्व पर क्षमायाचना:- दशलक्षण पर्व के समाप्त होने के पश्चात जैन धर्म के अनुयायी पूर्व में हुई प्राणी मात्र के प्रति जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए शुद्ध मन वचन काय से हृदय की असीम गहराइयों से एक दूसरे से क्षमायाचना करते हैं । वह भी गलतियों को क्षमा कर अपनी विशालता का परिचय देते हैं।

## टिकट जिसको मिले उसका साथ दें: लुकमान रमीज

समाचार गेट/ब्यूरो



**फरीदाबाद।** टिकट मिले ना मिले मिडिया में आकर ड्रामा नही करना चाहिए टिकट जिसको मिले उसका साथ दें। विचार, दिल ना मिले तो दूसरी जगह अपनी पार्टी उम्मीदवार की मदद करें! टिकट एक को मिलेगी आपने अपना समय तन मन धन सब दिया है उसको व्यर्थ न जाने दे अपनी सरकार होगी काम होंगे विकास होगा! यह कहना है कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज का, उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि टिकट के पीछे ना पड़ें उम्मीदवार को जिताने की लड़ाई लड़ें। उनका कहना है कि जरूर विचार करें, वक्त है बदलाव का, कांग्रेस के साथ का।

# भाजपा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ से किया नामांकन

**केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और राजस्थान से सांसद पीपी चौधरी रहे मौजूद**

**महाराजा अग्रसेन और अंबेडकर और शहीद राजा नाहर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लिया आशीर्वाद**



(बीजेपी प्रत्याशी मूलचंद शर्मा अपना नामांकन पत्र सौंपते हुए संग में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पाली राजस्थान के सांसद पीपी चौधरी और बीजेपी जिलाध्यक्ष राजकुमार बोहरा व अन्य: फोटो–ओमप्रकाश पंचाल)

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने अपना नामांकन पत्र बल्लभगढ़ एसडीएम कार्यालय में जमा कराया।

इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद पाली राजस्थान पीपी चौधरी सहित भाजपा नेता मौजूद रहे। आज सुबह 10 बजे बल्लभगढ़ सेक्टर 2 विधानसभा कार्यालय पर हवन का आयोजन किया गया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने परिजनों और स्वजनों के साथ-साथ बल्लभगढ़ विधानसभा के सभी सम्मानित लोगों के साथ हवन में आहुति देते हुए सभी देवताओं का आह्वान किया और इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, महामंडलेश्वर श्री भैया जी महाराज ने भी उपस्थित सभी शहरवासियों को संबोधित किया। यज्ञ हवन के उपरांत सभी बल्लभगढ़ के कार्यकर्ता साथी रोड शो के माध्यम से मैन बाजार बल्लबगढ़ होते हुए एसडीएम कार्यालय लघु सचिवालय पहुंचे।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शहरवासियों को सभी को संबोधित करते हुए विनती की और कहा कि बल्लभगढ़ की देव तुल्य जनता का अपार प्यार उन्हें पहले भी मिला है और आगे भी मिलेगा। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी बल्लभगढ़ की जनता उन्हें अपने पूरे भरोसे और विश्वास के साथ तीसरी बार विधायक चुनेगी। बल्लभगढ़ की जनता को उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा है कि आपका बेटा मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ की शहीद राजा नाहर सिंह की ऐतिहासिक भूमि का सिर कहीं झुकने नहीं देगा और कभी कलंकित नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में भूमाफियाओं को खदेड़ने का काम किया है। बल्लभगढ़ शहर की कई कॉलोनी को नियमित और डिनोटिफाइड कराने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ शहर की कई कॉलोनी के लोगों को उनके मालिक आना हक दिलवाया है जो हरियाणा के इतिहास में पहली बार हुआ है।

इस मौके पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य संदीप जोशी, हरको बैंक के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, टिपरचंद शर्मा, बल्लभगढ़ विधानसभा के प्रभारी मूलचंद मित्तल, संयोजक महावीर सैनी, दयाचंद यादव, पारस जैन, लखन बेनीवाल, राकेश गुर्जर, महेंद्र वैष्णव, कौशल पंडित, चंद्रसेन, बुद्धा सैनी, हरपरसाद गोड, योगेश शर्मा, सुभाष लांबा, रवि भगत, अनुराग गर्ग, गजेंद्र वैष्णव, कैलाश शर्मा, प्रेम खट्टर, महेश गोयल, वेद अग्रवाल, सुभाष चौधरी, राव पूरण, भुट्टू यादव, दीपक यादव, बिल्लू यादव, सुषमा यादव, महिपाल यादव सरपंच, सुमित जैन, रवि सोनी सहित शहर के गणमान्य लोग मोजूद रहे।

# दूसरे दिन चार लोगों ने दाखिल किए नामांकन पत्र : विक्रम सिंह



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद विधानसभा चुनाव के लिए आज दूसरे दिन चार लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2024 के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया अधिसूचना जारी होने के बाद 05 सितम्बर से शुरू हो गई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 86- एनआईटी विधान सभा से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जितेन्दर कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरि उपायु डॉ आनंद शर्मा के समक्ष, 88- बल्लभगढ़ विधान सभा के नामांकन के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर मूलचंद शर्मा ने रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी मयंक भारद्वाज के समक्ष और 90- तिगांव विधान सभा के नामांकन के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर संदीप कुमार मेहता और समता पार्टी के सोमेश्वर सिंह ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सतबीर मान के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को नामांकन के दूसरे दिन 85-पृथला विधान सभा, 87- बड़खल विधानसभा, 89- फरीदाबाद विधान सभा में कोई भी नामांकन नहीं आया। किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया।

# डीसीपी एनआईटी ने पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में किया लोगों को जागरूक



पुलिस की पाठशाला में लोगों को जागरूक करते डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह संग में अन्य पुलिसकर्मी व ट्रैफिक ताऊ: फोटो–ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** सीपी ओमप्रकाश नरवाल के निर्देश पर कोतवाली थाना क्षेत्र में आमजन की जागरूकता के लिए पुलिस की पाठशाला नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पुलिस डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने आमजन को जागरूक करने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस मौके पर कुलदीप सिंह ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समाज को अपराध मु और नशा मु बनाने के लिए सभी नागरिकों को अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने और एकजुट होकर सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को सुना गया और पुलिस प्रशासन द्वारा इन समस्याओं के समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया गया। पुलिस उपायु ने आमजन से अनुरोध किया कि वे पुलिस के आंख और कान बनकर अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि एक अपराध मु, नशा मु और सश समाज का निर्माण किया जा सके। प्रबंधक थाना कोतवाली ने भी सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सदैव हर संभव मदद के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा यदि आप एक कदम आगे बढ़ेंगे, तो पुलिस दो कदम आगे बढ़कर आपका सहयोग करेगी। उन्होंने आमजन को यह आश्वासन दिया कि पुलिस हर स्थिति में उनकी मदद के लिए तैयार है। सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने भी नागरिकों से आग्रह किया कि समाज और पुलिस परस्पर जुड़े हुए हैं और दोनों मिलकर ही एक अपराध मुक्त और भय मुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

**ये था पाठशाला का उद्देश्य:**

फरीदाबाद पुलिस द्वारा आयोजित इस पुलिस की पाठशाला का उद्देश्य नागरिकों को कानून और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है, जिससे सभी मिलकर समाज को सुरक्षित और संरक्षित बना सकें। इस कार्यशाला का उद्देश्य साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला के दौरान बताया गया कि अनजाने में किस प्रकार वह साइबर अपराधों का शिकार हो जाते हैं और ऐसे अपराधों से बचने के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। सत्र के दौरान साइबर हेल्पलाइन 1930 और साइबर पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। साइबर अपराध के अलग-अलग तरीकों के बारे में वीडियो के माध्यम से भी बताया गया, जिससे उन्हें इन खतरों से बचने के उपाय सीखने में मदद मिली। फरीदाबाद पुलिस द्वारा आयोजित इस तरह की जागरूकता कार्यशालाओं का उद्देश्य युवाओं को सुरक्षित डिजिटल जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 तथा मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर इसकी जानकारी पर देने के लिए जागरूक किया गया।

# महिला थाना बल्लबगढ़ और दुर्गा शक्ति की टीम ने छात्राओं को सिखाए सेल्फ डिफेंस के गुर





समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** महिला थाना बल्लबगढ़ तथा दुर्गा र्श की टीम ने लिग्याज यूनिवर्सिटी में करीब 500 छात्रों को बेड टच, सेल्फ डिफेंस व महिला विरुद्ध अपराध और यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया है। पुलिस प्रवा ने बताया कि पुलिस टीम ने छात्राओं को बैड टच के बारे बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। उन्होंने बताया कि पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है इसलिए यदि कोई भी व्यं उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है। पुलिस टीम ने छात्रों को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाए और बताया कि अगर कोई व्यक्ति आपका पीछा करता है, कमेंट पास करता है या अन्य किसी और तरीके से परेशान करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। इसके साथ ही पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, साइबर अपराधों के मामलों में हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर इसकी जानकारी पर देने के लिए जागरूक किया गया।

## दुष्कर्म की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेंट्रल की टीम ने पोक्सो एक्ट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम साहिल खान है जो फरीदाबाद के सेक्टर-89 का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत दो मुकदमे महिला थाना में दर्ज हैं। दोनों मुकदमों में पीड़ित लडकी एक ही है। आरोपी ने वर्ष 2023 में 14 वर्षीय नाबालिग लडकी को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था जिसके बाद आरोपी के खिलाफ पोक्सो की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके महिला थाना की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। उस मामले में आरोपी 1 अगस्त 2024 को जेल से बाहर आया। बाहर आने के बाद आरोपी ने फिर से लडकी के साथ संपर्क करने की कोशिश की और उसे इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजें तथा अपना मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाने की धमकी देने लगा और लडकी को अश्लील मैसेज भेजे। पीड़ित लडकी ने जब इसकी शिकायत महिला थाने में की तो आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट का एक मुकदमा ओर दर्ज किया गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को कल गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से वारदात में प्रयोग मोबाइल बरामद करके उसे जेल भेज दिया है।

## एक किलोग्राम गांजा सहित आरोपी पकड़ा



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** शहर में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना एसजीएम नगर की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चंदन कुमार झारखंड का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद की राहुल कॉलोनी में रहता था। पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध नशे सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 16 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी से जब इसका लाइसेंस मांगा गया तो वह आनाकानी करने लगा जिसपर उसके खिलाफ थाना एसजीएम नगर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने बताया कि यह नशा वह नोएडा से किसी व्यं से लेकर आया था जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशेड़ी किस्म का व्यं है जो मजदूरी करता है और नशे की आपूर्ति के लिए नशा तस्करी करता है। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# नाम है फीस एंड फंडस रेगुलेटरी कमेटी, अधिकार कुछ भी नहीं

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने कहा है कि प्राइवेट स्कूलों द्वारा हर साल बढ़ाई जाने वाली फीस को नियंत्रित व रेगूलेट करने तथा फीस वृद्धि की वैधानिकता जानने के लिए हरियाणा सरकार ने प्रत्येक मंडल कमिश्नर की अध्यक्षता में फीस एंड फंडस रेगुलेटरी कमेटी का गठन तो कर दिया लेकिन कमेटी को फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए कोई अधिकार नहीं दिया। जिसके चलते एफएफआरसी बिना अधिकार के सिर्फ कागजी कमेटी बन कर रह गई है।

मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि एफएफआरसी के गठन की प्रक्रियाए उसके उद्देश्य व कार्यों तथा उसे अधिकार न दिए जाने को लेकर मंच की ओर से प्रदेश लीगल एडवाइजर सुरेंद्र कुमार गोयल की ओर से पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में एक याचिका डाली गई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने सरकार को कई नोटिस जारी करके उसका पक्ष जाना लेकिन सरकार की ओर से कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस पर हाईकोर्ट ने 5 सितंबर को एक आदेश जारी करके सरकार से एक एफिडेविट के रूप में अपना जवाब अगली तारीख 28 अक्टूबर से पहले दायर करने को कहा है।

मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा व वरिष्ठ सलाहकार एडवोकेट बीएस बिरदी ने कहा है कि पिछले 10 साल से हरियाणा में भाजपा की सरकार है। इन 10 सालों में प्राइवेट स्कूल संचालकों ने सबसे ज्यादा शिक्षा का व्यवसायीकरण करके छात्र व अभिभावकों का जमकर आर्थिक और मानसिक शोषण किया है। मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को इस बात की पूरी जानकारी है लेकिन उन्होंने पेरेंट्स के हित में कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की है उल्टा प्राइवेट स्कूलों को पूरा संरक्षण प्रदान किया है। उनके दबाव में शिक्षा नियमावली में उनके हित में कई बदलाव करके उसे कागजी नियमावली बना दिया है। मंच ने हरियाणा के सभी अभिभावकों से कहा है कि उनको हरियाणा में हो रहे विधानसभा चुनाव में अपने वोट की ताकत को दिखाना चाहिए और अभिभावक विरोधी इस सरकार को सबक सिखाना चाहिए।

# पुलिस ने दो आरोपियों को क्रेटा गाड़ी में शराब तस्करी करते पकड़ा



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली की टीम ने अवैध शराब के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित तथा अजब सिंह का नाम शामिल है आरोपी अमित पानीपत का रहने वाला है वहीं आरोपी अजब सिंह फतेहपुर, दिल्ली का निवासी है जिन्हें थाने की पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से क्रेटा गाड़ी में अवैध शराब ले जाते हुए नीलम बाटा रोड पर स्थित जी टाउन वाइन शॉप के पास से काबू किया था। आरोपियों के कब्जे से मौके पर 50 पेटी देशी शराब मोटा मसालेदार की बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में शराब तस्करी करने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह पास के ठेके पर काम करने वाले एक व्यं के साथ गाड़ी में आए थे जो वह व्यं मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अमित ड्राइवरी का काम करता है और अजब सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। आरोपी अमित के खिलाफ इससे पहले भी शराब तस्करी के 3 मुकदमे दर्ज है। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है वहीं तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## संपादकीय

# ऑनलाइन गेमिंग में और छोटे शहरों का बढ़ता रूझान



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

तकनीकी क्रांति के दौर में दुनिया तेजी से बदल रही है। इस परिवर्तन के साथ जहां अनगिनत फायदे सामने आए हैं, वहीं कुछ गंभीर चुनौतियां भी उभर कर आई हैं। हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद तकनीकी विकास को रोक पाना संभव नहीं है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस प्रगति के सकारात्मक पहलुओं को अपनाएं और नकारात्मक प्रभावों से बचें। यह बात न केवल रोजमर्रा की जिंदगी में लागू होती है, बल्कि भारत में तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर पर भी सटीक बैठती है।

ऑनलाइन गेमिंग उद्योग भारत में तेजी से उभर रहा है, और इसका उदाहरण यह है कि इसे खेलने वाले लोगों में 41 प्रतिशत महिलाएं हैं, और 66 प्रतिशत से अधिक गेमर्स छोटे शहरों से हैं। भारत में लूडो की सबसे बड़ी ऑनलाइन गेमिंग कंपनी जुपी के चीफ ऑफ पॉलिसी अश्विनी राणा के अनुसार, यह एक संकेत है कि ऑनलाइन गेमिंग की लोकप्रियता समाज के सभी वर्गों में फैल रही है। उन्होंने इस तथ्य पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑनलाइन गेमिंग उद्योग की सराहना की है, क्योंकि यह क्षेत्र भविष्य में मानव जीवन को बदलने वाले अनुसंधानों का केंद्र बन सकता है।

जुपी की स्थापना 2018 में आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र दिलशेर सिंह द्वारा की गई थी। इस कंपनी ने बहुत कम समय में भारतीय ऑनलाइन गेमिंग बाजार में एक प्रमुख स्थान हासिल कर लिया है। भारत का ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर अब चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि, इस सेक्टर की तेज़ी से बढ़ती लोकप्रियता के साथ कुछ चिंताएं भी सामने आई हैं, विशेष रूप से गेम की लत के संदर्भ में। अश्विनी राणा ने इस मुद्दे पर कहा कि किसी भी चीज की लत हो सकती है, चाहे वह मोबाइल फोन हो, टीवी हो, सोशल मीडिया हो, या फिर शराब और तंबाकू। यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी सीमाएं स्वयं तय करें और इन आदतों को नियंत्रण में रखें।

ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में अच्छी और बुरी दोनों तरह की कंपनियां हैं। विदेशी कंपनियां, जो जुआ खेलने के लिए लोगों को प्रेरित करती हैं, भारतीय बाजार में भी सक्रिय हैं। लेकिन जुपी जैसी भारतीय कंपनियों का मुख्य फोकस ऑनलाइन खेलों पर है, जिसमें कई सुरक्षा उपाय और सीमाएं लगाई गई हैं। उदाहरण के लिए, दांव लगाने की सीमा तय है, और 18 वर्ष से कम उम्र के लोग इन खेलों में भाग नहीं ले सकते। इसके अलावा, लूडो जैसे खेलों की अवधि सीमित होती है, और अधिक समय तक खेलने पर गेमर को अलर्ट भी मिलता है।

ऑनलाइन जुआ और ऑनलाइन गेमिंग के बीच अंतर को समझना महत्वपूर्ण है। इस मुद्दे पर कई मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में पहुंचे हैं, जहां यह स्पष्ट किया गया है कि जिस खेल में दिमाग और कौशल का उपयोग होता है, वह जुआ नहीं है। वहीं, जहां केवल भाग्य का सहारा लिया जाता है, उसे जुआ कहा जाएगा। इस आधार पर लूडो, क्रिकेट टीम बनाना, घुड़दौड़, तीन पत्ती, और लॉटरी जैसे खेलों को जुआ की श्रेणी में रखा गया है।

जुपी के पास आज 300 से अधिक कर्मचारी हैं, जिसमें आधे से ज्यादा आईआईटियन हैं। इस कंपनी के प्लेटफार्म पर 10 करोड़ से अधिक लोग लूडो खेलते हैं। इस तेजी से बढ़ते हुए सेक्टर में तकनीकी प्रगति और नवाचारों का बड़ा योगदान है, और यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में यह क्षेत्र और भी बड़े पैमाने पर विकसित होगा। हालांकि, इसके साथ ही यह आवश्यक है कि हम इसके संभावित नुकसान को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी से आगे बढ़ें।

## सभी प्रकार के एगजिट पोल के प्रकाशन और प्रचार पर रहेगा प्रतिबंध : विक्रम सिंह

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर एगजिट पोल पर बैन लगाने की जानकारी दी है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय के दौरान सभी प्रकार के एगजिट पोल के प्रकाशन और प्रचार पर प्रतिबंध रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 ए निर्दिष्ट करती है कि कोई भी व्यं किसी भी एगजिट पोल का संचालन नहीं करेगा और प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशित या प्रचारित नहीं करेगा या किसी भी अन्य तरीके से प्रसारित नहीं करेगा, चाहे जो भी परिणाम हो। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तावित इस अधिसूचना के अनुसार 18 सितम्बर 2024, बुधवार को प्रात : 07 बजे से 05 अक्टूबर 2024 शनिवार की शाम साढ़े छह बजे तक एगजिट पोल आयोजित करने व इसके प्रकाशन या प्रचार पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## निर्धारित समय के दौरान सभी प्रकार के एगजिट पोल के प्रकाशन और प्रचार पर रहेगा प्रतिबंध : डीसी

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर एगजिट पोल पर बैन लगाने की जानकारी दी है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय के दौरान सभी प्रकार के एगजिट पोल के प्रकाशन और प्रचार पर प्रतिबंध रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1951 की धारा 126, निर्दिष्ट करती है कि (1) कोई भी व्यं किसी भी एगजिट पोल का संचालन नहीं करेगा और प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशित या प्रसारित नहीं करेगा या किसी भी अन्य तरीके से प्रसारित नहीं करेगा, चाहे जो भी परिणाम हो। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तावित इस अधिसूचना के अनुसार 18 सितम्बर 2024, बुधवार को प्रातः 7 बजे से 5 अक्टूबर 2024 शनिवार की शाम साढ़े छह बजे तक एगजिट पोल आयोजित करने व इसके प्रकाशन या प्रचार पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## डीसीपी क्राइम ने गुमशुदा 110 मोबाइल फोन असल मालिकों को लौटाए

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायु अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देशानुसार साइबर सेल ने गुम हुए 110 मोबाइल फोन को तलाश कर असल मालिकों को लौटाए हैं। डीसीपी क्राइम ने कहा कि मोबाइल में आपकी फोटो वीडियो या अन्य जरूरी डाटा होता है। मोबाइल गुम होने पर यदि किसी आपराधिक व्यं के हाथ लग जाए तो वह इसका गलत इस्तेमाल कर सकता है और आपकी पर्सनल जानकारी को सार्वजनिक करके आपको नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए अपने मोबाइल फोन के डाटा को सुरक्षित रखने के लिए जटिल लॉक लगाएं ताकि जल्दी से कोई व्यं उसको खोल ना सके। इसके साथ ही मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर इसकी जानकारी दें। पुलिस द्वारा आपके मोबाइल को ढूंढकर वापिस आपके पास पहुंचा दिया जाएगा। साइबर सेल टीम ने पोर्टल के माध्यम से विभिन्न लोगो के गुम हुए 110 गुमशुदा मोबाइल फोन को तलाश करके असल मालिकों को देकर उनके चेहरे पर खुशी लौटाई है।

# आदर्श आचार संहिता की पूर्णत : पालना सुनिति करें सभी अधिकारी : समाथा मुल्लामुड़ी

### सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ करें कार्य : विवेक कुमार उपाध्याय

### विधानसभा चुनाव के लिए नियु व्यय पर्यवेक्षक ने चुनाव ड्यूटी से जुड़े फरीदाबाद के आरओ, सुपरवाइजर, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी, अकाउंट टीम की मीटिंग में दिए निर्देश



आदर्श आचार संहिता की पूर्णत: पालना सुनिति करने को लेकर बैठक में शामिल सभी अधिकारी: फोटो: ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह अध्यक्षता में व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस समाथा मुल्लामुड़ी और आईआरएस विवेक कुमार उपाध्याय ने सेक्टर-12, स्थित हुडा कन्वेंशन हॉल में जिला फरीदाबाद सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सभी आरओ, सुपरवाइजर, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी, अकाउंट टीम की मीटिंग ली। मीटिंग में उन्होंने जिला में की गई चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में एडीसी आनंद शर्मा, डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल, सीईओ जिला परिषद् सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम, बड़खल अमित मान, एचएसवीपी एस्टेट ऑफिसर सिद्धार्थ दहिया, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

**दिए ये निर्देश:**

व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस समाथा मुल्लामुड़ी ने समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता की पूर्णत: पालना सुनिति करें और अगर कोई शिकायत मिलती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें। अवैध शराब और नकदी जैसे मामलो कोई कोताही नही बरतना है जिस वाहन पर शक हो उससे तुरंत चेक करना है और अपराधिक गतिविधि, कानून का उल्लंघन करने या शराब आदि अधिक मात्रा में पाए जाने पर तुरंत वाहन चालक और वाहन को जब्त कर प्रसाशन को सौंप देना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों की जिम्मेवारी पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने की है, इसलिए अपनी ड्यूटी को गंभीरता से निभाएं।

### सभी बखूभी निभाए जिम्मेदारियां :

व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस विवेक कुमार उपाध्याय के निर्देशानुसार सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को बखूभी निभाना है और साथ ही एफएसटी और एसएसटी के अधिकारियों को निर्देश दिए की नाकों पर चेकिंग के दौरान अगर कोई व्यं आपराधिक गतिविधि या कानून का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उस पर कार्यवाही के दौरान वीडियोग्राफी की जाए और कैमरामैन द्वारा बनाई गई सारी फुटेज को संभाल कर अपने पास सेफ करके रखे और एक कॉपी सीडी बनाकर कंसर्नड आरओ या सम्बंधित अधिकारी को भेजनी है।

### संदिग्ध गतिविधियों पर रखें कड़ी नजर :

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिति करने के साथ-साथ निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। अवैध शराब, अवैध कैश जैसी गतिविधियों पर पूरी नजर रखी जाए। सभी टीमें जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में तत्परता से कार्य करती रहें। कोई भी संदिग्ध गतिविधि मिलने पर उसकी सूचना उन्हें तुरंत दें तथा साथ ही चुनाव आयोग को भी भेजी जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें ज्यादा आएंगी। इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता से इनका निपटान करें। उन्होंने कहा कि शराब व अवैध रूप से नकदी के मामले भी इन दिनों बढ़ जाते हैं ऐसे में सभी टीमें लगातार निगरानी करें।

# अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा हरितालिका तीज का व्रत



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** हरतालिका तीज के मौके पर शुक्रवार को महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए किया जाने वाला व्रत रखा। इस दौरान महिलाएं अपने पतियों के सुख-सौभाग्य, निरोग्यता के लिए माता गौरी की पूजा करती हैं। इस दिन कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियां गौरी-शंकर के लिए कठिन व्रत रखती हैं। यह व्रत विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार, मप्र, राजस्थान और महाराष्ट्र में रखा जाता है। यह करवाचौथ से भी कठिन माना जाता है, क्योंकि जहां करवाचौथ में चांद देखने के बाद व्रत की उपासना कर दी जाती है, वहीं इस व्रत में पूरे दिन निर्जल रहना पड़ता है और अगले दिन सुबह चार बजे आखिरी पूजन के पात ही व्रत की पारणा की जाती है। इस व्रत से जुड़ी एक मान्यता यह है कि इस व्रत को करने वाली स्त्रियां पार्वती जी के समान ही सुखपूर्वक पतिरमण करके शिवलोक को जाती हैं।

**मां पार्वती ने की थी पूजा:**

सौभाग्यवती स्त्रियां अपने सुहाग को अखण्ड बनाए रखने और अविवाहित युवतियां मनचाहा वर पाने के लिए हरतालिका तीज का व्रत करती हैं। सर्वप्रथम इस व्रत को माता पार्वती ने भगवान शिव शंकर के लिए रखा था। इस दिन विशेष रूप से गौरीशंकर का ही पूजन किया जाता है। इस दिन व्रत करने वाली स्त्रियां सूर्योदय से पूर्व ही उठ जाती हैं और नहा धोकर पूरा श्रृंगार करती हैं। पूजन के लिए केले के पत्तों से मंडप बनाकर गौरीशंकर की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके साथ पार्वती जी को सुहाग का सारा सामान चढ़ाया जाता है। रात में भजन, कीर्तन करते हुए जागरण करके तीन बार आरती की जाती है और शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनी जाती है।

**इस व्रत के प्रमुख नियम:**

इस बारे में गांधी कालोनी निवासी ज्योति, अनीता, किरण, भारती, तेजस्वनी, जवाहर कालोनी की आनन्दी, सेक्टर 21बी निवासी रेनु, कविता और संत नगर निवासी मीरा, राजीव कॉलोनी निवासी श्वेता पाठक, सुषमा पांडे, रिधिका, अंजलि, राधा, सुमन, बेबी, सपना, कविता यादव ने बताया कि यह व्रत निर्जला किया जाता है, जिसमें महिलाएं थूक तक नहीं घोंट सकती हैं। एमपी और यूपी में इस व्रत का काफी महत्व है, जहां महिलाएं गीली, काली मिट्टी या बालू रेत से भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश की मूर्ति बनाकर पूजा करती हैं। इस व्रत का यह नियम है कि इसे एक बार प्रारंभ करने पर हर साल पूरे नियम से किया जाता है। हर साल व्रत करना ही होता है या फिर किसी अन्य महिला को व्रत का संकल्प करवाकर व्रत से मुं हो सकती है। सास यह व्रत बहुओं को सौंपती हैं और यह व्रत पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। महिलाएं एकत्रित होकर रतजगा करती हैं और भजन कीर्तन पूरे रात तक करती रहती हैं।

### सुहागिनों के लिए अहम



हार्डवेयर चौक स्थित राजीव कॉलोनी के प्राचीन शिव मंदिर में महिलाओं ने व्रत का उत्सव मनाया। महिलाओं ने निर्जला व्रत किया। इस बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के महंत आचार्य सर्वेश पांडे ने बताया कि हरियाली तीज, कजरी तीज और करवा चौथ की तरह यह हरतालिका तीज सुहागिनों का व्रत है। पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत सभी सुहागिनें निष्ठा के साथ रखती हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान शंकर को पाने के लिए माता पार्वती ने किया था, जिसमें उन्होंने अन्न और जल तक ग्रहण नहीं किया था। इसलिए यह व्रत महिलाएं निर्जला रखती हैं। इसमें महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की पूजा की जाती है। कई कुंवारी कन्याएं भी यह व्रत करती हैं। इस मौके पर महिलाओं ने व्रत किया और विधिवत पूजा करवाई।

# श्री गणपति महोत्सव आज से शुरू, महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा ढोल नगाड़ों संग निकाली गई शोभा यात्रा

## आज होगी प्रतिमा स्थापित, मंडल द्वारा 15 सितम्बर तक विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित



गणेश महोत्सव शुरू होने से पहले निकाली शोभा यात्रा में भाग लेते लोग: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल



शोभायात्रा के लिए गणेश जी की मूर्ति को लाते महाराष्ट्र मित्र मंडल के सदस्य: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल

### गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जय घोष से हुई शोभायात्रा की शुरुआत।



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा छह सितम्बर को गणेश प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा 5बी- 81 से उत्सव स्थल गांधी कॉलोनी तक निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया के जय घोष से हुई। इस वर्ष मंडल द्वारा भव्य श्री राम मंदिर के तहत पंडाल की साज सज्जा की गई है।

यात्रा में सभी वर्ग के व्यं, महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे, सभी ने खूब नाचा गाया. रास्ते में जहा जहा गणेश प्रतिमा की यात्रा रुकी वहा वहा लोग बाप्पा का आशीर्वाद लेने से खुद को रोक न पाए। मंडल के संरक्षक सुधाकर पांचाल जी ने बताया की गणेश उत्सव का आयोजन बाल गंगाधर तिलक जी ने सभी जाति के धर्म लोगो को इकठा करने के लिए सार्वजनिक गणेश उत्सव का आयोजन किया. मंडल द्वारा गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ढोल एवं डीजे की धुन पर यात्रा शुरू एवं उत्सव स्थल तक पहुँची। शोभायात्रा में मंडल के राजेन्द्र पांचाल, चिंतामणि, विनय, सुधाकर पांचाल, यशवंत पांचाल, लक्ष्मण पांचाल, रविन्द्र, प्रवीन राठोड, तेजस, कर्ण शर्मा, हरेन्द्र, सचिन पांचाल, शेखर, उत्तम कुमार, रोहित, अक्षय, विनय रोहिल्ला, मीनाक्षी पांचाल, भारती पांचाल, किरण पांचाल, निशा, पौर्णिमा, भावना पांचाल, गायत्री पांचाल एवं मंडल के सभी कार्यकर्ता उपर्सथत रहे। मंडल द्वारा सात सितम्बर को श्री गणेश प्रतिमा की पूर्ण वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ स्थापना की जाएगी।

# एडवोकेट मिंदरजीत यादव बने बार काउंसिल ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा की ऑवरऑल कमेटी के चैयरमेन

समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया

रेवाड़ी जिले के गांव जौनियावास में जन्मे एडवोकेट मिन्दरजीत यादव ने एक बार फिर से अपने इलाके का नाम रोशन किया है। उन्हें बार काउंसिल ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा, चंडीगढ की ऑवर ऑल कमेटियों की मॉनिटरिंग कमेटी का चैयरमेन बनाया गया है जो सभी कमेटियों पर निगरानी रखेंगी और उन्हीं की देखरेख में सभी कार्य होंगे। उक्त जानकारी देते हुए एडवोकेट मिंदरजीत यादव ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ पंजाब व हरियाणा के कार्यकाल का जो संवैधानिक समय था, वह 5 फरवरी 2024 को खत्म हो गया था, जिसके बाद चुनाव होने होते है परंतु उसके बाद बार काउंसिल को छह महीने का एक्सटेंशन मिल गया था तथा वह समय भी 5 अगस्त 2024 को खत्म हो गई थी लेकिन चूंकि सभी वकीलों की डिग्री की वेरीफिकेशन का मामला अभी माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है व देश की सभी राज्य बार कांउसिल अपने अंडर एन रोल सभी एडवोकेटस के वेरिफिकेशन उनकी यूनिवर्सिटी से करने का कार्य रही है, जिसकी वजह से यह पता चल सके कि राज्यों में कितने वकील एक्टिव प्रैक्टिसनर है जिससे की एक सही इलेक्टोरल रोल बनवाया जा सके और जिसकी वजह से सभी राज्य बार कौंसिल एक पारदर्शी चुनाव करवा सके। लेकिन ये वेरिफिकेशन का कार्य अभी पेंडिंग चल रहा है तो इस दौरान बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए रूल 32 के तहत पंजाब व हरियाणा बार काउंसिल को ऐसी स्थिति में चलाने के लिए एक कमेटी गठित की गई है, जिसमें विभिन्न पदाधिकारी व विभिन्न कमेटियां बनायी गई है। ज्ञात रहे कि एडवोकेट मिंदरजीत यादव पूर्व में दो बार बार काउंसिल ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा के चेयरमैन रहे व हाल फिलहाल एडिशनल एडवोकेट जनरल,



हरियाणा भी रहे है। उन्ही की अध्यक्षता में इतिहास में पहली बार किसी स्टेट बार काउंसिल के फोटो इलेक्टोरल रोल के तहत सन 2013 में चुनाव हुए थे जो कि अपने आप पारदर्शिता के मामले में एक मील का पत्थर साबित हुआ। यह भी ज्ञात रहे कि सन 2021 में श्री यादव की अध्यक्षता में पहली बार लॉ फाइंडर सॉफ्टवेयर को सभी बार एसोसिएशन को निःशुल्क वितरित किया गया था जिससे कि युवा व जरूरतमंद अधिवक्ता साथियों को एक कम्प्यूटर में देश की स्वतंत्रता से पहले से लेकर अब तक की सभी जजमेंट उपलब्ध कराई जा सके, जिसका आज भी सभी अधिवक्ता साथी फायदा उठा रहे हैं। श्री मिंदरजीत यादव सन 2007 से आज तक रेवाड़ी, नारनौल, महेंद्रगढ़ व नूहं बार का नेतृत्व पंजाब और हरियाणा बार काउंसिल में करते आए हैं और दक्षिण हरियाणा के लिए समस्त पंजाब और हरियाणा की बारों को इनके कार्यप्रणाली वह एक साफ सुथरी छवि पर गर्व है। अब एडवोकेट मिंदरजीत यादव को बार काउंसिल ऑफ पंजाब व हरियाणा का ओवरऑल इंचार्ज व मॉनिटरिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। अब बार कौंसिल पंजाब व हरियाणा, चंडीगढ़ की सभी कमेटियां मिंदरजीत जीत यादव की देख-रेख में कार्य करेंगी। उनकी इस नियुक्ति पर रेवाड़ी के अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है। उनकी इस नियुक्ति पर रेवाड़ी बार के पूर्व प्रधान राव रघुवीर यादव, पूर्व प्रधान सतीश यादव, पूर्व प्रधान अनिल राव, पूर्व प्रधान सुधीर यादव, पूर्व प्रधान प्रीतम सिंह, पूर्व प्रधान नितिन कौशिक, पूर्व उपप्रधान शौकीन शर्मा, पूर्व सचिव प्रवीण शर्मा, बावल बार के प्रधान प्रवीण नैचाना, अमरजीत यादव, राकेश राव, संजीव गौतम, बिरेन यादव, विरेन्द्र यादव, योगेश बोलनी, जयंत यादव, नितेश अग्रवाल, निरंजन यादव, रितेश, कृष्ण यादव, रोहन मंगला, नितिन चावरिया, पूनम शर्मा, निशा, ममता यादव, अंशु राव, अंकित यादव सहित अनेक अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

## चुनावी ड्यूटी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

### गुरुजी चुनावी ड्यूटी में व्यस्त

सिवानी सोनिका सूरा

चुनावी सीजन विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भारी पड़ रहा है विशेष कर प्राइमरी स्कूलों के शिक्षक खुद भी परेशान हैं और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। खुद अध्यापक इस बात से चिंतित हैं कि उनको पढ़ाई के साथ-साथ अनेक तरह के कार्य करने पड़ रहे हैं। कभी चुनाव ड्यूटी हो जाती है तो कभी किसी प्रकार के सर्वे में ड्यूटी लग जाती है तो कभी और जिम्मेदारी दे दी जाती है। ऐसे में बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश भर में विशेष कर प्राइमरी अध्यापको में 70% बीएलओ की ड्यूटी लगी है। 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं से उनकी राय जान रहे गुरुजी डोर टू डोर पहुंचकर 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं की पहचान कर रहे हैं इतना ही नहीं उनसे यह पुछ रहे हैं कि वह मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करेंगे या घर से ही मतदान करेंगे। जैसे भी वह मतदाता मतदान करेंगे उनके लिए वैसी ही व्यवस्था की जाएगी। उनसे मतदान जरूर करवाया जाएगा। ऐसे मतदातों से लिखवा कर लिया जा रहा है कि वह किस प्रकार का मतदान करेंगे और लोकतंत्र को मजबूती देंगे। अध्यापक चुनाव से कुछ दिन पहले डोर-डोर जाकर पर्चियां भी बांटेंगे। फिल्हाल वे वरिष्ठ नागरिकों के मतदान करवाने को लेकर डोर-डोर हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि गुरुजनों को चुनाव ड्यूटी में छूट नहीं दी गई है। बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। बीएलओ या कोई दूसरा कर्तव्य या किसी गैर शैक्षणिक कार्य में अध्यापकों की ड्युटी नहीं लगनी चाहिए, इससे स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित होती है। सरकार को गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए दूसरे लोगों को लगाना चाहिए। भूपेन्द्र सिंह चाहर जिला प्रधान राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बताया कि आमतौर पर बीएलओ या दूसरे गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए अध्यापकों की ड्यूटी लगाई जाती है। एक तरफ तो उनसे बेहतर परिणाम की उम्मीद की जाती है दूसरी तरफ उनको पढ़ाने के लिए कम समय दिया जाता है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में न लगाया जाए।

## टिकट के बाद बख्तावरपुरा पहुंचे जेपी दलाल

### बख्तावरपुरा में हुआ जेपी दलाल का भव्य स्वागत

सिवानी। सोनिका सूरा

लोहारू विधानसभा हल्के से भारतीय जनता पार्टी का टिकट मिलते ही वित मंत्री जेपी दलाल बख्तावरपुरा गांव पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ने वित मंत्री का ढोल नगाड़ों और पुष्प वर्षा से जेपी दलाल का भव्य स्वागत किया। वित मंत्री जेपी दलाल ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा की आपने जो मान सम्मान दिया हैं जो सम्मान के सम्मान पगड़ी पहनाई इस पगड़ी को कभी झुकने नही दूंगा। जेपी दलाल ने कहा की आने वाली पांच तारीख को आप कमल के फूल वाला बटन दबाकर मुझे और भारतीय जनता पार्टी को विजय कर देना आपको आश्वासन देता हूं की पिछले पांच साल जो काम लोहारू में किया उससे दुगना कर के दिखा दूंगा।

## हादसे को अंजाम देने वाले वाहन में मिली 1252 पेटी बीयर

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना सदर थाना पुलिस ने एनएच 152डी पर खेड़ी के पास बीयर से लदा ट्रक काबू किया है। इस वाहन से 1252 पेटी बीयर बरामद हुई हैं। जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। बरामद बीयर की कीमत लगभग 22 लाख रुपये आंकी गई है। जांच करने पर ट्रक में बीयर से संबंधित कोई कागजात नहीं मिले। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। सदर थाना कनीना पुलिस को शिकायतकर्ता पवन कुमार वासी गांव सिवाई थाना सरूरपुर जिला मेरठ ,उतर प्रदेश ने शिकायत दी थी वह ट्राला चालक है। जो 3 सितंबर को राजपुरा से कोटपुतली, राजस्थान के लिए चला था। दिनांक 4 सितंबर को सुबह 4-5 बजे के बीच वह अपनी ट्राले को लेकर खेडी के पास रेस्ट एरिया के आस पास नारनौल की तरफ हाईवे पर पहुंचा तो एक नामपता नालालुम ट्रक चालक अपने ट्रक को गफलत लापरवाही से चलाता हुआ लाया और एकदम लाईन बदलकर ट्राले के सामने लाकर ब्रेक मार दिए, जिससे शिकायतकर्ता का ट्राला उस ट्रक में जा घुसा जिससे ट्राले का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया। ओर वह भी ट्राले के केबिन में फंस गया, आने जाने वाले ट्रक चालकों ने उसे ट्राले से निकाल कर उसे कनीना अस्पताल पंहुचाया। पुलिस ने घायल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने ट्रक को चेक किया तो उसमें बीयर की पेटियां भरी हुई थी। जिसके कोई कागजात नहीं मिले। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा निर्देश पर पुलिस ने बीयर सहित ट्रक को जब्त कर लिया। वाहन चालक व मालिक की तलाश की जा रही है।

## दुकान पर काम करने वाला युवक बाईक व नकदी लेकर हुआ फरार

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना में दुकान पर काम करने वाला कामगार नकदी व बाईक लेकर फरार हो गया। इस बारे में दुकानदार मुकेश कुमार ने कनीना सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि कोसली रोड पर बनी उसकी दुकान पर आशीष नामक युवक काम करता था। जो बीती 31 अगस्त को सुबह 9 बजे उसकी बाईक, एक हजार की नकदी व अन्य सामान लेकर काम करने के लिए गया था। देर रात तक वापिस नहीं लौटा तो मोबाईल फोन पर संपर्क करने की कौशिश की। लेकिन संपर्क नहीं हो सका। थाना ईंचार्ज रतन सिंह ने बताया कि मुकेश कुमार की शिकायत के आधार पर आशीष के विरूध बीएनएस की धारा के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पुलिस सेवा से डीएसपी बावल नरेंद्र सांगवान हुऐ सेवानिवृत

समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया

**रेवाड़ी।** डीएसपी बावल नरेंद्र सांगवान की सेवानिवृत्ति पर वीरवार को शहर के एक निजी स्थान पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी गौरव राजपुरोहित मुख्य अतिथि रहे। एसपी ने उन्हें पगड़ी पहना व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सेवानिवृत्त डीएसपी नरेंद्र सांगवान के परिजन भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी गौरव राजपुरोहित ने कहा कि डीएसपी नरेंद्र सांगवान काफी लंबी अवधि तक पुलिस विभाग में लगन व तत्परता के साथ नौकरी करते हुए आम जनता की सेवा और बेहतरी के लिए कार्य करते रहे। जिसका नजीता यह है कि वह आज भी स्वस्थ और फिट है। डीएसपी नरेंद्र सांगवान ने सदैव अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह रहकर अधीनस्थों को सहयोग व मार्गदर्शन देते हुए कर्तव्यनिष्ठ रहते हुए अनुशासन को बनाए रखा है। जिले में बेहतर कार्य किए, सदैव मार्गदर्शी रहे और अपने अधिनस्थों को बेहतर कार्य के प्रति प्रोत्साहित करते रहे। सेवानिवृत्त होने के बाद भी



डीएसपी नरेंद्र सांगवान अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकते हैं। ड-एसपी की सेवानिवृत्ति पर पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने उनके अच्छे स्वास्थ्य व सुखमय पारिवारिक जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर नरेंद्र सांगवान ने अपने के अनुभव सांझा करते हुए बताया की पुलिस विभाग आमजन की सेवा करने का एक बेहतर जरिया है। सभी पुलिस अधिकारी उत्कृष्ट कानूनी कार्यवाही कर अपराधियों को सजा दिलाए और लोगों की मदद करें। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अधिकारियों व साथी कर्मचारियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। इस दौरान सभी वक्ताओं ने उनके स्वस्थ जीवन की कामना की तथा पुलिस परिवार द्वारा उन्हें उपहार भेंट कर सम्मान पूर्वक विदा किया गया। जिला चरखी दादरी के गांव महरा के रहने वाले डीएसपी नरेंद्र सांगवान, एएसआई पद पर हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। वर्ष 2019 में उन्हें पदोन्नत कर डीएसपी बनाया गया था। वर्ष-2023 से वह रेवाड़ी जिला में बतौर डीएसपी बावल तैनात हुए थे। इसी दौरान उन्हें उन्हें राष्ट्रपति पद से सम्मानित किया गया। जिससे उनको एक साल की अतिरिक्त सर्विस करने का अवसर प्रदान हुआ। पुलिस विभाग में 29 साल, 6 महीने के कार्यकाल के बाद वह 31 अगस्त 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविन्द्र सिंह, डीएसपी सिटी रेवाड़ी पवन कुमार, डीएसपी कोसली विद्यानन्द, डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी जितेन्द्र कुमार, इंचार्ज सुरक्षा शाखा निरीक्षक सुरेश कुमार, रेवाड़ी बार एसोसिएशन के पुर्व प्रधान एडवोकेट शमशेर सिंह सहित सभी थाना प्रबन्धक, सभी सीआईए ईन्चार्ज व कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी के सभी ब्रांच ईन्चार्ज मौजूद रहे।

# क्या वित्त मंत्री जेपी दलाल तोड़ पाएंगे मिथक : प्रदेश मे पिछले 30 साल से दोबारा नहीं जीत पाया वित्त मंत्री

सिवानी सोनिका सूरा

हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही सियासी दलों ने चुनावी मैदान में उतरने के लिए अपनी कमर कस ली है हरियाणा की कुल 90 विधानसभा सीटों में से एक सीट राजस्थान बॉर्डर के साथ लगते लोहारू हल्के की भी हैं लोहारू विधानसभा क्षेत्र भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ता है` इस सीट पर चौधरी बंसीलाल का प्रभाव रहा है` पहले चुनाव निर्दलीय , दूसरे चुनाव में भाजपा पार्टी से चुनाव लड़ते हुए जयप्रकाश दलाल को हार मिली तो वही 2019 के चुनाव में इस सीट पर बीजेपी पार्टी से चुनाव लड़ते हुए जयप्रकाश दलाल ने कमल खिलाया ` पहली बार विधायक बनते ही पहले कृषि मंत्री और उसके बाद वित्त मंत्री बने` वित्त मंत्री ने क्षेत्र में काम तो खुब करवाए मगर एक मिथक है कि पिछले करीब 30 साल से संयोग



बनता आ रहा है कि हरियाणा का वित्त मंत्री दोबारा जीत कर चंडीगढ़ नहीं पहुंचा` इस बात की क्षेत्र के लोगों में खुब चर्चा सुनने को मिल रही है` अब सवाल है कि क्या जयप्रकाश दलाल लोहारू से दोबारा विधायक बनकर 30 साल का मिथक तोड़ पाएंगे या नहीं [1991 के बाद से अच्छा नहीं रहा वित्त मंत्रियों का अनुभव प्रदेश में वित्त मंत्री रहने वाले नेता अगली बार विधानसभा नहीं पहुंच सके` लगभग तीन दशक से तो यही सहयोग बना हुआ है` 1991 में भजनलाल सरकार में मांगेराम गुप्ता वित्त मंत्री थे` लेकिन 1996 मे चुनाव हार गए` 1996 में सेठ श्री किसन दास वित्त मंत्री बने लेकिन 2000 में वे विधानसभा नहीं पहुंच सके 2000 में चौटाला सरकार में प्रोफेसर संपत सिंह वित्त मंत्री रहे लेकिन 2005 में लोगों ने उन्हें विधानसभा नहीं पहुंचने दिया 2005 में हुड्डा के नेतृत्व में बनी कांग्रेस सरकार में वीरेंद्र सिंह वित्त मंत्री रहे और 2009 में वह भी चुनाव हारे हुड्डा पार्ट - 2 में कैप्टन अजय सिंह यादव वित्त मंत्री बने 2014 में लोगों ने उन्हें घर बैठा दिया` इसी तरह 2014 से 2019 तक वित्त मंत्री रहे कैप्टन अभिमन्यु भी अगला चुनाव नहीं जीत सके` 2019 से 12 मार्च 2024 तक मनोहर लाल वित्त मंत्री रहे लेकिन उन्होंने टर्म पूरी होने से पहले ही मुख्यमंत्री और विधानसभा से इस्तीफा दे दिया

अब लोहारू से विधायक जेपी दलाल प्रदेश के नए वित्त मंत्री हैं` यह बात लोहारू हल्के में चाय की दुकान पर बैठे लोगों से सुन लो या ताश के पत्ते खेल रहे या बैठक में बैठे बुढो के बीच चर्चा का विषय बना है

## धनौंदा में आयोजित बाबा दयाल मेले में दूर-दराज से पंहुचे श्रधालु

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव धनौंदा में आयोजित बाबा दयाल मेले में दूर-दराज से श्रधालु पंहुचे। जिन्होंने मंदिर में मत्था टेक मन्नतें मागीं। मेले में खेलकूद प्रतियोगिता तथा रागनी कंपीटीशन व सांग का भी आयोजन किया गया। मेला कमेटी के प्रधान रतन सिंह तंवर ने बताया कि ग्रामीणों की बाबा दयाल मंदिर के प्रति अगाध आस्था है। पिछले करीब 50 वर्षों से यहां पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के दौरान रात के समय जागरण का आयोजन किया जाता है जिसमें रागनी व सांग विद्या को बनाए रखने के लिए कंपीटीशन व सांग का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया बाबा दयाल की मजार पर गुड-शक्कर, पताशे तथा लड्डू का प्रसाद अर्पित किया जाता है। मेले में आयोजित कुश्ति प्रतियोगिता में पहलवान परविंद्र उचत तथा बलजीत बागोत के बीच हुई जो बराबर रही। मेले में रतनलाल मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर वीरसिंह,सुनील कुमार, घनश्याम सिंह,नंबरदार राजेंद्र सिंह, किशनपाल सिंह,नवीन कुमार,शिवकुमार उपस्थित थे।

## नामांकन करते समय भारीभरकम भीड व गाडियों के काफिले पर रहेगी पाबंदी



कनीना सुनील दीक्षित

विधान सभा चुनाव की नामाकंन प्रक्रिया के दूसरी दिन भी अटेली हलके से कोई आवेदन दाखिल नहीं किया गया। चुनाव की अधिसूचना के मुताबिक रिटर्निंग अधिकारी सहित तहसीलदार संजीव नागर,डीएसपी दिनेश कुमार सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। कार्यालय के बाहर बेरिकेटिंग के साथ पुलिस कर्मचारी डटे हुए हैं। चुनाव की गाइडलाईन के मुताबिक प्रत्याशी रविवार को छोडकर 12 सितम्बर तक सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। इस दौरान भारीभरकम भीड तथा वाहनों के काफिले पर पाबंदी रहेगी। प्रत्याशी सहित 5 व्यक्ति रिटर्निंग अधिकारी के रूम में प्रवेश कर सकते हैं। प्रत्याशी की अधिकतम तीन गाडियां 100 मीटर तक पंहुच सकती हैं। 68-अटेली हलके के नामांकन-पत्र पहली बार एसडीएम कार्यालय कनीना में लिए जाने का नोटिफिकेशन हुआ है। जहां एसडीएम अमित कुमार को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जो प्रत्याशियों के नामांकन पत्र लेने के लिए कार्यालय में विराजमान हैं। चुनाव कार्य के चलते सुरक्षा व्यवस्था कडी की गई है। नगरपालिका सचिव समयपाल सिंह को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जो कार्यालय से बाहर एवं अंदर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। डीएसपी दिनेश कुमार को सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। रिटर्निंग अधकारी एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि अटेली विधान सभा क्षेत्र में 4321 सर्विस वोटरों सहित कुल 202154 मतदाता हैं। जिनमें 106199 पुरूष तथा 95955 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए 215 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 14 शहरी तथा 201 ग्रामीण क्षेत्र में शामिल हैं। 30 क्रिटीकल मतदान केंद्र हैं जहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा।

आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले विस चुनाव के लिए भाजपा की ओर से अटेली से आरती राव को टिकट अलाट की गई है। जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के कार्यकताओं में उत्साह है वहीं भाजपा कार्यकताओं में मायूसी छाई हुई है। अपने आप को प्रत्याशी मानकर कार्य करने वाले पार्टी नेता असमंजस की स्थिति में हैं। सूत्रों की माने तो आरती राव को बगावत का सामना करना पड सकता है। अटेली हलके से कांग्रेस पार्टी के संभावित उम्मीद्वारों में पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिह व पूर्व सीपीएस अनीता यादव प्रमुख दावेदार हैं।

# वैश्य समाज की टिकटें काटने पर भाजपा के विरोध में खड़ा हुआ वैश्य समाज

समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया

**रेवाड़ी।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने भाजपा द्वारा वैश्य समाज के नेताओं की टिकट काटे जाने का खुलकर विरोध किया है। समाज के नेताओं ने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार से टिकट वितरण में वैश्य समाज के साथ भेदभाव किया है, इसका बदला वैश्य समाज चुनाव में लेगा। अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि भाजपा ने दो निवर्तमान विधायक और दो विधायक प्रत्याशी रहे पलवल से दीपक मंगला, गुडगांव से सुधीर सिंगला, सोनीपत से कविता राजीव जैन व सिरसा से प्रदीप रातुसरिया के टिकट काटकर दूसरे समाज के लोगों को देने का काम किया है। बुवानीवाला ने कहा कि अगर हिसार से सावित्री जिंदल, सोनीपत से कविता जैन, बहादुरगढ़ से पंकज जैन और गुरुग्राम से नवीन गोयल निर्दलीय भी चुनाव लड़ते हैं तो वैश्य समाज उनका समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वैश्य समाज को लंच और मंच की व्यवस्था करने तक सीमित कर दिया है। यह बात किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। बुवानीवाला ने कहा कि भाजपा अब बीते दिनों की बात हो गई है। वैश्य समाज के दम पर पार्टी सत्ता में आई थी, लेकिन अब पार्टी ने वैश्य समाज की अनदेखी करके अपना ही नुकसान करने का काम किया है। समाज की अनदेखी की वजह से अब भाजपा ताश के पतो के महल की तरह बिखरेगी। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज के नेता अब केवल पार्टी में पद तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि चुनाव लडकर विधानसभा और संसद में जाने का काम करेंगे। अशोक बुवानीवाला ने साफ कहा कि वर्तमान के हालातों में राजनीति के बिना कुछ भी नहीं होता और भाजपा ने वैश्य समाज को दरकिनार कर अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। उन्होंने वैश्य समाज के नेताओं का आह्वान किया कि वह पार्टी से बागी होकर मैदान में उतरे समाज उनका हर तरीके से साथ देगा। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला व बलराम गुप्ता ने कहा कि पार्टी ने जिस प्रकार से वैश्य समाज के लोगों की अनदेखी की है, वह असहनीय है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज चाहता था कि पार्टी पिछले चुनाव की तुलना में एक दो टिकट ज्यादा दी जाती। भाजपा ने चार टिकट काटकर समाज को संदेश दिया है कि अब शायद भाजपा को वैश्य समाज की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में भाजपा ने 90 में से 40 सीट जीती थी। वैश्य समाज से 7 प्रत्याशी जीत कर आए और बाकी 81 में से पार्टी के केवल 33 नेता विधायक बने। उन्होंने कहा कि जिस समाज ने पार्टी को खड़ा करने और पार्टी को सत्ता में लाने का काम किया, अब भाजपा ने उसी की अनदेखी की है। भाजपा ने उसी टहनी को काटा है, जिस टहनी पर वह बैठी है। अब भाजपा को गर्त में जाने से कोई नहीं बचा सकता।

## गांव गुर्जरवास में रक्तदान कर मनाई गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती

समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया



**रेवाड़ी।** कोसली क्षेत्र के गांव गुर्जरवास में गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज महान जी की जयंती के उपलक्ष में दूसरे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एडवोकेट जीवन हितेषी जिला पार्षद वार्ड नंबर 3 कोसली ने इस कार्यक्रम में शिरकत की व गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज जी को नमन कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस रक्तदान शिविर में नई दिल्ली से आई एम्स डॉक्टर की टीम ने इस कैंप में शिरकत की व 105 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। इस कार्यक्रम के आयोजक भाई मनोज गुर्जर व उनकी टीम ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में सुबेदार मेजर गुरदयाल सिंह एडवोकेट, बाबूलाल नंबरदार, प्रीतम सिंह, सूबेदार रंगराव साहब, कृष्ण सरपंच, मनोज गुर्जर, विकेश गुर्जर, रोहित गुर्जर व गांव के गणमान्य लोग और आस पड़ोस से आए लोगों ने इस रक्तदान शिवर में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना अमूल्य रक्तदान किया और इस जयंती के अवसर गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज महान जी को याद करते हुए बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया।



# बिग फैट इंडियन वेडिंग करने का था दबाव: सोनाक्षी

शादी के बाद बालीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने बॉलीवुड सेलेब्स के लिए एक रिसेप्शन पार्टी रखी थी। एक इंटरव्यू के दौरान सोनाक्षी से पूछा गया कि क्या उनके ऊपर बिग फैट इंडियन वेडिंग करने का दबाव नहीं था? इस पर सोनाक्षी ने कहा कि उन्होंने अपने भाई कुश सिन्हा की वजह से बिग फैट इंडियन वेडिंग नहीं की। सोनाक्षी ने कहा, 'बिग फैट इंडियन वेडिंग करने का दबाव था, लेकिन हम बहुत क्लियर थे कि हमें किस तरह की शादी चाहिए। अगर आप थोड़ा फ्लैशबैक में जाएं और मेरे भाई (कुश) की शादी याद करें, तो आपको याद आएगा कि उन्होंने बिग फैट इंडियन वेडिंग की थी। उनकी शादी के हर फंक्शन में लगभग 5,000 से 8,000 लोग थे। तभी मैंने अपनी मां से कह दिया था कि मेरी शादी ऐसे नहीं होगी।' सोनाक्षी ने आगे कहा, 'हमारी जिंदगी में ये दिन सिर्फ एक बार आता है इसलिए हम इस दिन को बहुत खास बनाना चाहते थे। इसलिए हमने वैसी ही शादी की जैसी हम चाहते थे। कुछ दोस्त थे जो हमारे फैसले से खुश नहीं थे। उन्हें और ज्यादा फंक्शंस चाहिए थे जैसे हुमा, मेरा दोस्त और स्टाइलिस्ट मोहित। मोहित मेरे पीछे पड़ा था कि 'मैं चाहता हूं कि तुम अपनी शादी में पांच बार आउटफिट्स बदलो', लेकिन मैंने सिर्फ एक बार बदला। ऐसे में वो नाराज हो गया। बता दें, सोनाक्षी और जहीर ने सात साल तक साथ रहने के बाद शादी की। उनके भाई कुश रिसेप्शन में शामिल हुए थे, लेकिन उनके भाई लव ने शादी अटेंड नहीं की थी। कुश ने साल 2015 में तरुणा अग्रवाल से शादी की थी। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अपनी मैरिड लाइफ इंजॉय कर रहे हैं। दोनों ने इसी साल परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में कोर्ट मैरिज की थी।



# मेलबर्न से इमोशनल मोमेंट का वीडियो शेयर किया हनी सिंह ने

पंजाबी गायक हनी सिंह सरप्राइज विजिट पर मेलबर्न पहुंचे, अचानक उनकी बहन स्नेहा के घर पर पहुंचे तो बहन के चेहरे पर खुशियां देखने लायक थी। हनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस इमोशनल मोमेंट का वीडियो शेयर किया। क्लिप में वह दरवाजे की ओर चलकर डोर बेल बजाते हुए नजर आ रहे हैं। लुंगी डांस हिटमेकर फिर घर में एंट्री करते हैं और उनकी बहन दौड़ती हुई आती है और उन्हें गले लगाती है। हनी सिंह ने कैप्शन में लिखा फ्रमेलबर्न में एक साल बाद अपनी छोटी बहन स्नेहा सिंह से मिला रैपर-गायक ने अपनी जर्नी के कुछ पल भी शेयर किए, जहां उन्होंने फ्लाइट के बिजनेस क्लास में अपने माता-पिता की तस्वीर पोस्ट की थी। उन्होंने तस्वीर के कैप्शन में लिखा देवताओं के साथ यात्रा। पिछले महीने, रैपर-गायक ने कहा था कि जब खाने के विकल्पों की बात आती है तो वह सच्चे लाहौरी हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कुछ तस्वीरें शेयर की थी, जिसमें पाक भोग, खीर भी थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हीर नहीं तो खीर सही। जब बात खाने की हो तो मैं सच्चा लाहौरी हूं। हनी सिंह ने अपना करियर 2003 में शुरू किया था। 2011 में अंग्रेजी बीट, ब्राउन रंग और डोप शॉप जैसे गानों से धूम मचा दी थी। हनी सिंह ने 2012 में दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान स्टारर फिल्म कॉकटेल से बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसमें उनके ट्रैक अंग्रेजी बीट का दोबारा इस्तेमाल किया गया था। रैपर सिंगर साल 2014 में अपने करियर के पीक पर थे। वो लगभग हर बॉलीवुड फिल्म के एल्बम में थे और उनका काम आगे भी ऐसे ही जारी रहा। उन्होंने चेन्नई एक्सप्रेस में लुंगी डांस गाने के लिए बॉलीवुड आइकन शाहरुख खान के साथ भी काम किया। उन्होंने बॉक्स-ऑफिस पर धूम मचाने वाली एक्सपोज से बॉलीवुड में अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल: सलमान खान

साल 1993 में बनी फिल्म अंदाज अपना अपना में बालीवुड एक्टर आमिर खान और सलमान खान ने साथ काम किया था। यह पुराना वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सलमान खान कह रहे हैं, उनके साथ काम करना मजेदार है, वह अच्छे हैं और बहुत मेहनती हैं। वह मुझसे दोगुनी मेहनत करवाते हैं। हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल है। बता दें कि फिल्म अंदाज अपना अपना को रिलीज होने पर आलोचकों द्वारा कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। हालांकि, यह फिल्म आज भी बॉलीवुड की सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी फिल्मों में से एक मानी जाती है। फिल्म दो सोने के दलालों की कहानी है जो एक अमीर उत्तराधिकारी को लुभाने की कोशिश करते हैं ताकि उसके पिता की संपत्ति पर कब्जा कर सकें। उन्हें जल्द ही पता चलता है कि उत्तराधिकारी ने अपनी सचिव के साथ पहचान बदल ली है। तब तक, एक दलाल वास्तव में उत्तराधिकारी से प्यार करने लगता है, जबकि दूसरा दलाल सचिव से प्यार करने लगता है। इस फिल्म में करिश्मा कपूर और रवीना टंडन भी मुख्य भूमिकाओं में थीं। इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया था। फिल्म के कई डायलॉग जैसे तेजा मैं हूं। मार्क इधर है, क्राइम मास्टर गोगो, मोगैम्बो का भतीजा और दो दोस्त एक कप में चाय पिएंगे बहुत लोकप्रिय हैं। यह फिल्म अपनी कॉमिक टाइमिंग, शानदार अभिनय और गानों के लिए जानी जाती है। दिलचस्प बात यह है कि रवीना ने एक बार खुलासा किया था कि फिल्म के सेट पर चारों मुख्य कलाकारों के बीच तालमेल ठीक नहीं था। सलमान का यह नया वीडियो उस बयान से बिल्कुल अलग तस्वीर पेश करता है। हालांकि, यह फिल्म लगभग तीन दशकों पहले रिलीज़ हुई थी। बता दें कि बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और आमिर खान आज भले ही बॉलीवुड पर राज कर रहे हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ये दोनों इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे थे।

# बंगाली साड़ी में हॉट लग रही हैं नेहा सरगम

अभिनेत्री नेहा सरगम ने नए फोटोशूट की एक झलक साझा की, जिसमें वे बंगाली साड़ी में बेहद हॉट लग रही हैं। तस्वीर में एक्ट्रेस गोल्डन और लाल बॉर्डर वाली बंगाली साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने इसके साथ मैचिंग स्लीवलेस ब्लाउज पहना हुआ है। मेकअप के लिए उन्होंने पारंपरिक बंगाली लुक चुना है और अपने माथे पर कल्का लगाया हुआ है। यह एक डिज़ाइन है जो बीच में लाल बिंदी और भौंहों के साथ पैटर्न के साथ बनाया गया है। उन्होंने अपने बालों को ढिलाई से बांधा हुआ है और हाथों में सुनहरे रंग की चूड़ियां और झुमके पहन रखे हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कभी-कभी लगता है अपुन बंगाली है... देव बाबू? मिर्जापुर 3 में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार मुख्य भूमिका में हैं। नया सीजन पूर्वांचल क्षेत्र पर नियंत्रण की लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, गुरमीत सिंह और आनंद अय्यर द्वारा निर्देशित, यह शो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है। नेहा इससे पहले चांद छुपा बादल में, सपना बाबुल का... बिदाई, ये रिश्ता क्या कहलाता है, रामायण, ये है आशिकी, पुनर्विवाह - जिंदगी मिलेगी दोबारा, डोली अरमानों की, इस प्यार को क्या नाम दूं? एक बार फिर, डोली अरमानों की और परमावतार श्री कृष्ण जैसे टीवी शो में अपना किरदार निभा चुकी हैं। कॉन्टिलो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित शो यशोमती मैया के नंदलाला में उन्होंने यशोदा की भूमिका निभाई। इसमें राहुल शर्मा और हितांशु जिसी मुख्य भूमिकाओं में थे और इसका प्रीमियर सोनी पर हुआ था। बता दें कि एक्शन क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज मिर्जापुर में सलोनी त्यागी की भूमिका निभाने वाली नेहा सरगम के इंस्टाग्राम पर 8.20 लाख फॉलोअर्स वाली नेहा ने कुछ तस्वीरें साझा की।



# गाउन में बेबी बंप के साथ पोज दिए युविका चौधरी ने

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री युविका चौधरी ने अपने मैटरनिटी फोटोशूट की कई तस्वीरें शेयर की है। जिसमें हम उन्हें सफेद हाई स्लिट गाउन में अपने बेबी बंप के साथ पोज देते हुए देख सकते हैं। एक्ट्रेस ने इसके लिए सटल मेकअप लुक चुना है और अपने लंबे बालों को खुला छोड़ा है। उन्हें सिल्वर कढ़ाई वाले स्लीवलेस बेज रंग के गाउन में पोज देते हुए भी देखा जा सकता है। उनके पति प्रिंस नरूला ने उनकी इस पोस्ट पर जमकर प्यार बरसाया। सुनील शेट्टी ने युविका की पोस्ट पर लिखा गॉड ब्लेस। गौहर खान ने लिखा, ब्लेस, ब्लेस, ब्लेस। आरती सिंह ने कहा, हाय, ब्लेस यू बेबी। रुबिना दिलैक ने कहा, खूबसूरत। चेतना पांडे ने लिखा, हॉट और प्यारी मां। दिव्या अग्रवाल ने लिखा, बहुत सुंदर। बिग बॉस 9 के दौरान युविका की मुलाकात प्रिंस नरूला से हुई। उनकी शादी 12 अक्टूबर 2018 को मुंबई में हुई थी। करियर की बात करें तो युविका ने जी टीवी के टैलेंट हंट रियलिटी शो जी सिने स्टार्स की खोज से अपनी टेलीविजन यात्रा शुरू की। इसके बाद उन्होंने टीवी धारावाहिक अस्तित्व...एक प्रेम कहानी में अभिनय किया। इसमें उन्हें आस्था की भूमिका निभाते हुए देखा गया था। युविका नच बलिए 9 की विनर रह चुकी हैं। वह कॉमेडी क्लासेस, एमटीवी स्प्लिट्सविला 10, एमटीवी लव स्कूल 3, एमटीवी ऐस ऑफ स्पेस 1 और एमटीवी ऐस ऑफ स्पेस 2 जैसे शो में गेस्ट के रूप में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कुमकुम भाग्य में टीना और लाल इश्क में शिखा की भूमिका निभाई है। वहीं प्रिंस एमटीवी रोडीज 12, एमटीवी स्प्लिट्सविला 8, नच बलिए 9 और बिग बॉस 9 के विनर रह चुके हैं। वह एमटीवी रोडीज 17, एमटीवी रोडीज 18 और एमटीवी रोडीज 20 में गैंग लीडर के रूप में नजर आ चुके हैं। बता दें कि अभिनेत्री युविका चौधरी के इंस्टाग्राम पर 3.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जिनके लिए वे समय-समय पर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती है।



# ट्विंकल खन्ना ने साझा कीं अपने वेलनेस रिट्रीट की तस्वीरें

ट्विंकल खन्ना हाल ही में एक वेलनेस रिट्रीट गई थी, उन्होंने वहां की तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने एक लंबे कैप्शन के साथ कई तस्वीरें पोस्ट की। पोस्ट का कैप्शन है, कभी-कभी आपको पॉज बटन दबाने की जरूरत होती है। खूबसूरत और एक छोटा सा तरोताजा करने वाला ब्रेक, जहां हमने सेहतमंद खाना खाया, मैंने अपनी पसंदीदा कॉफी छोड़ दी, दोस्तों और परिवार के साथ हरे-भरे जंगल में दो घंटे की ट्रेकिंग का मजा लिया और गरजते झरनों के नीचे खड़ी रही। एक ऐसा विराम जहां हमने अपने चारों ओर देखने के बजाय अपने भीतर देखा। आपने ऐसा आखिरी बार कब किया है? रिट्रीट में ट्विंकल ने अपने व्यस्त जीवन से ब्रेक लेकर अपने स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने स्वस्थ भोजन का आनंद लिया, अपनी पसंदीदा कॉफी छोड़ दी और दोस्तों और परिवार के साथ हरे-भरे जंगल में दो घंटे की ट्रेकिंग का आनंद लिया। उन्होंने प्रकृति से जुड़ाव महसूस किया और अपने आप को तरोताजा किया। यह रिट्रीट ट्विंकल के लिए अपने अंदर झांकने और अपने जीवन और भावनाओं पर विचार करने का एक मौका था। जिससे उन्हें खुद के बारे में गहरी समझ मिली। आत्म-खोज की इस यात्रा ने उन्हें अपने व्यस्त कार्यक्रम से मुक्त होने और अपनी आंतरिक शांति पर ध्यान केंद्रित करने का मौका दिया। ट्विंकल खन्ना का फिल्म इंडस्ट्री में एक सफल करियर रहा है, कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह। एक अभिनेत्री के रूप में उन्होंने 1995 में फिल्म बरसात से अपनी शुरुआत की। वो जब प्यार किसी से होता है और बादशाह जैसी फिल्मों में दिखाई दी। 2001 में अभिनय से संन्यास लेने के बाद उन्होंने लेखन में अपना करियर बनाया और बाद में एक फिल्म निर्माता बन गई, ग्रेजिंग गोट पिक्चर्स की सह-स्थापना की और 2016 में अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस मिसेज फनीबोन्स मूवीज लॉन्च किया। उन्होंने कई फिल्मों का सह-निर्माण किया है, जिनमें पैडमैन भी शामिल है, जिसने 2018 में सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता था।



# अफवाहों के बीच दुबई में साथ-साथ नजर आए अभिषेक-एश्वर्या



अनबन की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर बालीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने लोगों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। दरअसल 1 सितंबर को ऐश्वर्या राय के फैन क्लब ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया, जो दुबई एयरपोर्ट का है।

इस वीडियो में दोनों अपनी बेटी आराध्या के साथ दुबई एयरपोर्ट पर हैं। इस वीडियो में ऐश्वर्या राय ऑल-ब्लैक लुक में नजर आ रही हैं, जिसमें उन्होंने ब्लैक सूट, खुले बाल और काले चश्मे के साथ एक स्टाइलिश अवतार अपनाया है। उनकी बेटी आराध्या ब्लू जींस और पिंक टॉप में दिखाई दे रही हैं, और उनके पास लाइट पिंक स्कार्फ भी है। हालांकि, इस वीडियो को देख कुछ लोगों ने यह कहना शुरू कर दिया कि यह पुराना वीडियो हो सकता है। एक यूजर ने टिप्पणी की कि यह वीडियो पिछले साल दुबई में आयोजित एक अवॉर्ड शो का है। इसके अलावा, कुछ फैंस ने आराध्या के हेयर बैंग्स को नोटिस किया और कहा कि अब उनके बालों में बैंग्स नही हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह वीडियो पुराना हो सकता है। वही फरवरी में भी इस वीडियो को शेयर किया गया था और तब भी यही चर्चा हुई थी कि ऐश्वर्या और अभिषेक के रिश्ते में सब कुछ ठीक है। जबकि कपल के अलग होने की अफवाहें लगातार उठती रही हैं, अभी तक इस पर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं आई है।

बता दें, ये वायरल वीडियो अभी का नहीं है। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन ने 2007 में शादी की थी और शादी के चार साल बाद 2011 में वे एक बेटी के माता-पिता बने, जिनका नाम उन्होंने आराध्या बच्चन रखा। बता दें हाल ही में बालीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच चल रही अनबन की खबरों ने कई लोगों का ध्यान खींचा है। पिछले महीने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी समारोह में दोनों को अलग-अलग देखा गया, जिससे अलग होने की अफवाहों को हवा मिली।